श्रावण मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 226, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 15 सितंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## गांधी के आखिरी शब्द थे हे राम... वे जीवन भर सनातन के पक्ष में रहे: मोदी

# घमंडिया गठबंधन सनातन को समाप्त करना चाहता है: मोदी

**सागर**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने आज सागर के बीना में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड रिफाइनरी में 50 हजार करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले पेट्रो केमिकल प्लांट की आधारशिला रखी। रिफाइनरी से 3 किलोमीटर दूर हड़कलखाती गांव में सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, 'घमंडिया गठबंधन सनातन को समाप्त करना चाह रहा है। गांधी जी के आखिरी शब्द थे- हे राम...। वे जीवन भर सनातन के पक्ष में रहे।' सभास्थल से ही मोदी ने 1800 करोड़ रुपए के इंडस्ट्रियल प्रोजेक्ट्स का वर्चुअली शिलान्यास किया। इनमें नर्मदापुरम के ऊर्जा एवं नवकरणीय ऊर्जा उत्पादन प्रक्षेत्र, आईटी पार्क-3 व 4 इंदौर, मेगा इंडस्ट्रियल पार्क रतलाम और 6 इंडस्ट्रियल पार्क (नर्मदापुरम, गुना, शाजापुर, मऊगंज, आगर-मालवा और मक्सी) शामिल हैं। यह प्रधानमंत्री का मध्यप्रदेश में 6 महीने में छठा दौरा है। इससे पहले 12 अगस्त को उन्होंने सागर आकर संत रविदास मंदिर की आधारशिला रखी थी। पीएम ने कहा कि बुंदेलखंड वीरों-शूरवीरों की धरती है। इस भूमि को बीना-बेतवा नदी का आशीर्वाद मिला हुआ है। मुझे महीने भर में दूसरी बार सागर आकर आप सभी के दर्शन का सौभाग्य मिला। मैं शिवराज सरकार का भी अभिनंदन करता हूं कि आज आप सभी के बीच आकर आपके दर्शन का अवसर दिया।

पिछली बार मैं संत रविदास जी के भव्य स्मारक के भूमिपूजन के अवसर पर आपके बीच आया था। आज मुझे मध्यप्रदेश के विकास को नई गति देने वालीं अनेक परियोजनाओं का भूमिपूजन करने का अवसर मिला। ये परियोजनाएं इस क्षेत्र के औद्योगिक







विकास को नई ऊर्जा देंगी। इन परियोजनाओं पर केंद्र सरकार 50 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च करने वाली है। आप कल्पना कर सकते हैं कि 50 हजार करोड़ रुपए क्या होता है? हमारे देश के कई राज्यों का पूरे साल का बजट भी इतना नहीं होता है, जितना आज एक ही कार्यक्रम के लिए भारत सरकार लगा रही है। ये दिखाता है कि मध्यप्रदेश के लिए हमारे संकल्प कितने बड़े हैं। ये सारे प्रोजेक्ट्स आने वाले समय में मध्यप्रदेश में हजारों युवाओं को रोजगार देंगे।

### 'किसानों, छोटे उद्यमियों को मदद मिलेगी'

पीएम ने कहा कि बीना में बनने वाला यह कॉम्प्लेक्स इस पूरे क्षेत्र को विकास की नई ऊंचाई पर पहुंचा देगा, यह मैं आपको गारंटी देने आया हूं। यहां नई इंडस्ट्री आएंगी। किसानों, छोटे उद्यमियों को मदद मिलेगी। सबसे बड़ी बात है कि मेरे नौजवानों को भी रोजगार के हजारों मौके मिलने वाले हैं।

### नए भारत में मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर का भी कायाकल्प

**नए** भारत में मैन्यूफैक्च रिंग सेक्टर का भी कायाकल्प हो रहा है। देश की जरूरत बढ़ रही है, जरूरतें बदल रही हैं। इसी सोच के साथ आज यहां इस कार्यक्रम में टढ के दस नए इंडस्ट्रियल प्रोजेक्ट पर काम शुरु किया गया है। मध्यप्रदेश की औद्योगिक ताकत बढ़ेगी तो इसका लाभ सभी को होने वाला है। सभी की कमाई बढ़ेगी। नए अवसर मिलेंगे।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बीना पेट्रो केमिकल कॉम्प्लेक्स के भूमिपूजन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सांची स्तूप की लघु संरचना भेंटकर स्वागत किया।



## एमपी में नई इंडस्ट्री आएंगी, रोजगार के अवसर मिलेंगे: पीएम

**पीएम** ने कहा, आजादी के इस अमृत काल में हर देशवासी ने भारत को विकसित बनाने का संकल्प लिया है। इस संकल्प की सिद्धि के लिए ये जरूरी है कि भारत आत्मनिर्भर हो। हमें विदेशों से कम से कम चीजें मंगानी पड़ें। आज भारत पेट्रोल-डीजल तो बाहर से मंगाता ही है, हमें पेट्रो केमिकल प्रोडक्ट्स के लिए भी दूसरे देशों पर निर्भर रहना पड़ता है। बीना रिफाइनरी में पेट्रो केमिकल कॉम्प्लेक्स का शिलान्यास हुआ है। यह भारत को ऐसी चीजों के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने का काम करेगा। बहुत से लोगों को यह पता ही नहीं होता कि



प्लास्टिक पाइप, बाल्टी-मग, कुर्सी-टेबल, पेंट, पैकिंग मटीरियल, मेडिकल उपकरण बनाने में पेट्रो केमिकल की बहुत बड़ी भूमिका होती है।

## शिवसेना विधायकों की अयोग्यता पर सुनवाई अब अगले हफ्ते होगी

**मुंबई: महाराष्ट्र** में शिवसेना शिंदे गुट और उद्धव गुट की ओर से एक-दूसरे के विधायकों को अयोग्य घोषित करने की याचिकाओं पर गुरुवार (14 सितंबर) को सुनवाई हुई। यह सुनवाई विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने विधानसभा के सेंट्रल हॉल में की। मामले की सुनवाई सुबह 10:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक हुई। इसके बाद शिंदे गुट के वकील अनिल साखरे ने मीडिया से कहा- हमें उद्धव गुट की ओर से दस्तावेज नहीं मिले हैं। जवाब में ठाकरे गुट के विधायक रवींद्र वायकर ने कहा कि यह शिंदे गुट की रणनीति का हिस्सा है।

## सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में पटाखों पर बैन के बावजूद इस्तेमाल होने पर चिंता जताई

**नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने दिल्ली में पटाखों पर बैन के बावजूद इनके इस्तेमाल पर चिंता जाहिर की है। जस्टिस एएस बोपन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने दिल्ली पुलिस को निर्देश दिया कि पटाखों के स्रोत का पता कर कार्रवाई करें। सुप्रीम कोर्ट ने एएसजी ऐश्वर्या भाटी से कहा कि पटाखे चलाने वाले लोगों पर ही सिर्फ कार्रवाई काफी नहीं है, बल्कि आपको बाहर से आने वाले पटाखों के स्रोत का पता लगाकर उनके खिलाफ कार्रवाई करनी



होगी। ये कार्रवाई शुरू में ही होनी चाहिए। पटाखे छोड़े जाने के बाद कार्रवाई करने का फायदा नहीं है। एएसजी ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि साल 2016 के बाद दिल्ली पुलिस ने किसी को लाइसेंस नहीं दिया है।

## बर्थ सर्टिफिकेट से होंगे ड्राइविंग लाइसेंस-आधार बनवाने जैसे काम

**नई दिल्ली**

**1 अक्टूबर से लागू होगा नया नियम, मानसून सत्र में पास हुआ था बिल**

**एक अक्टूबर** से डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन में बर्थ सर्टिफिकेट की अहमियत बढ़ने वाली है। नए नियम के तहत बर्थ सर्टिफिकेट का इस्तेमाल स्कूल में एडमिशन, ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने, वोटर आईडी, विवाह पंजीकरण, सरकारी रोजगार, पासपोर्ट और आधार बनवाने सहित कई जगहों पर सिंगल डॉक्यूमेंट के तौर पर किया जा सकेगा। जन्म और मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) बिल 2023 मानसून सत्र के दौरान संसद के दोनों सदनों में पारित किया गया था। इसे राष्ट्रपति से भी सहमति मिल चुकी थी। एक अक्टूबर से इसे लागू किया जा रहा है। नया कानून रजिस्टर्ड बर्थ-डेथ का नेशनल और स्टेट लेवल डेटा बेस बनाने में भी मदद करेगा। इससे पब्लिक सर्विसेज बेहतर तरीके से डिलीवर की जा सकेंगीं। ये नया नियम 1 अक्टूबर या इसके बाद बनने वाले बर्थ सर्टिफिकेट पर लागू होगा।

बर्थ और डेथ का डिजिटल सर्टिफिकेट मिल सकेगा

कानून लागू होने से सबसे बड़ा बदलाव यह होगा कि बर्थ और डेथ सर्टिफिकेट डिजिटल रूप से भी मिल पाएगा।

## बीजेपी का लोकसभा-राज्यसभा सांसदों को व्हिप जारी

### पीएम नई संसद पर 17 सितंबर को तिरंगा फहराएंगे; विशेष सत्र में 4 बिल आएंगे



**नई दिल्ली**

**केंद्र सरकार** ने 18 से 22 सितंबर के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाया है। इस दौरान संसद में चार बिल पेश किए जाएंगे। राज्यसभा की ओर से जारी संसदीय बुलेटिन में इसकी जानकारी दी गई। उधर, 14 सितंबर को बीजेपी ने अपने सभी लोकसभा और राज्यसभा सांसदों को व्हिप जारी किया है, ताकि सभी सांसद 5 दिन संसद के दोनों सदनों में मौजूद रहें। सत्र के पहले दिन यानी 18 सितंबर को राज्यसभा में 75 सालों की संसदीय यात्रा, उपलब्धियां, अनुभव, यादों और सीख पर चर्चा होगी। उधर, 17 सितंबर को पीएम नए संसद भवन पर राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। इसी दिन मोदी का जन्मदिन और विश्वकर्मा जयंती है। नए भवन में कामकाज अभी शुरू होना है। सूत्रों के अनुसार, ध्वजारोहण के बाद ही संसद में कामकाज शुरू हो सकेगा, क्योंकि देश के फ्लैग कोड के अनुसार किसी भी सरकारी इमारत को राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद ही ये दर्जा मिल पाता है।

चुनाव आयुक्त की नियुक्ति से जुड़ा बिल पेश होगा: विशेष सत्र में राज्यसभा में पोस्ट ऑफिस बिल 2023 और मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति से जुड़े बिल पेश किए जाएंगे। ये दोनों बिल राज्यसभा में पेश होने के बाद लोकसभा में रखे जाएंगे। इसके अलावा लोकसभा में एडवोकेट्स अमेंडमेंट बिल 2023 और प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियॉडिकल्स बिल 2023 पेश किए जाएंगे। ये दोनों बिल मानसून सत्र के दौरान 3 अगस्त को राज्यसभा से पास हो चुके हैं।

## सजायाफ्ता राजनेताओं के चुनाव लड़ने पर आजीवन प्रतिबंध लगाने का समर्थन

**नई दिल्ली**

**सुप्रीम कोर्ट** की ओर नियुक्त एमिकस क्यूरी ने अपनी रिपोर्ट में दोषी करार दिए गए राजनेताओं के चुनाव लड़ने पर आजीवन प्रतिबंध लगाए जाने का समर्थन किया है। फिलहाल अभी जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के मुताबिक सजा की अवधि पूरे हो जाने के बाद अगले 6 साल तक चुनाव लड़ने पर ही रोक है। एमिकस क्यूरी का कहना है कि चुनाव लड़ने की अयोग्यता को सजा के वक़्त तक सीमित करना समानता के अधिकार का हनन है, ऐसे राजनेताओं के चुनाव लड़ने पर आजीवन प्रतिबंध लगाना चाहिए। सांसदों और विधायकों के खिलाफ कुल कितने केस लंबित हैं, इसकी जानकारी भी एमिकस क्यूरी की रिपोर्ट में दी गई है। विभिन्न हाई कोर्ट की ओर से उपलब्ध कराई गई जानकारी के मुताबिक नवंबर, 2022 तक देश भर में जनप्रतिनिधियों के खिलाफ 5175 केस लंबित हैं। इनमें सबसे ज्यादा 1377 केस यूपी में लंबित हैं। इसके बाद नंबर बिहार का है, जहां 546 केस लंबित हैं।

## 2008 मालेगांव विस्फोट मामले में एनआईए की जांच हुई पूरी

**नई दिल्ली**

**मालेगांव** 2008 विस्फोट मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने विशेष एनआईए अदालत में आवेदन दायर कर अदालत को सूचित किया कि उसने सबूतों की रिकॉर्डिंग पूरी कर ली है और उनकी ओर से बयान दर्ज करने के लिए और गवाहों को बुलाने की जरूरत नहीं है। एनआईए ने इस मुकदमे में 323 गवाहों के बयान दर्ज किए जबकि 37 गवाह मुकर गए। 29 सितंबर, 2008 की रात करीब 9 बजकर 35 मिनट पर मालेगांव में शकील गुड्स ट्रांसपोर्ट कंपनी के ठीक सामने एक बम धमाका हुआ था। यह धमाका एक





मोटरसाइकिल में हुआ था। इस धमाके में छह लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 101 लोग घायल हुए थे। धमाके के बाद 30 सितंबर, 2008 को मालेगांव के आजाद नगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज हुआ था। चूंकि ये मामला आतंक से जुड़ा हुआ था, इसलिए महाराष्ट्र सरकार के आदेश के बाद महाराष्ट्र एटीएस ने इस मामले की जांच अपने पास ली और 21 अक्टूबर, 2008 को एफआईआर में यूएपीए और मकोका की धारा लगाई गई। मालेगांव हादसे के जांच के दौरान 20 जनवरी, 2009 को महाराष्ट्र एटीएस ने मामले में पहली चार्जशीट दायर की थी,

उसमें 11 लोगों को गिरफ्तार और तीन लोगों को फरार दिखाया गया था। इसी मामले में एटीएस ने 21 अप्रैल, 2011 को सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर की थी। केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश के बाद 1 अप्रैल, 2011 को मालेगांव बम धमाके की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी को सौंप दी गई थी।

### श्री काशी धाम के शुभारंभ के बाद अब तक खुद सीएम योगी आदित्यनाथ भोलेनाथ के दिव्य दरबार में सौ बार से अधिक लगा चुके हैं हाज़िरी

## 22 महीनों में 11 करोड़ 72 लाख से ज्यादा भक्तों ने किए बाबा विश्वनाथ के दर्शन

**वाराणसी: श्री** काशी विश्वनाथ धाम के नए अवतरण में आने के बाद धाम में श्रद्धालुओं की संख्या नित नया कीर्तिमान बना रही है। श्रीकाशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण के बाद लगभग 22 महीनों में 11 करोड़ 72 लाख से ज्यादा भोले के भक्तों ने अब तक बाबा का दर्शन किये हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद बाबा के दरबार में सौ बार से अधिक हाजिरी लगा चुके हैं और भक्तों को सुविधाएं दिए जाने के लिए खाका खींचते रहे हैं। प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट श्री काशी विश्वनाथ धाम को धरातल पर उतारते हुए योगी सरकार ने विस्तारित धाम में भक्तों के हर छोटी-बड़ी जरूरतों का ध्यान रखा है, जिससे भक्तों को असुविधा न होने पाए। यही



कारण है जिससे श्री काशी विश्वनाथ धाम में आस्था का जनसैलाब उमड़ रहा है। लोकार्पण के बाद हर महीने कम से कम 31 लाख से अधिक और अधिकतम 95 लाख से अधिक शिव भक्त देवो के देव महादेव के दरबार में शीश नवा रहे हैं।

भक्तों के मंदिर तक पहुंचने की राह हुई आसान: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों श्रीकाशी विश्वनाथ धाम का लोकार्पण होने के बाद से रोजाना धाम में लाखों श्रद्धालु बाबा के दर्शन के लिए आ रहे हैं। श्री काशी विश्वनाथ धाम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि श्री काशी विश्वनाथ धाम लोकार्पण 13 दिसंबर 2021 को हुआ था। तब से अब तक 11 करोड़ 72 लाख 71 हजार 7 सौ उन्नचास श्रद्धालुओ ने दर्शन किया है। मुख्यकार्यपालक अधिकारी ने बताया कि गर्मी ,ठण्ड और बरसात में श्रद्धालुओ को परेशानी न हो इसके लिए बेहतर से बेहतर इंतजाम किये जा रहे है।

## थोक महंगाई से भी आम आदमी को राहत नहींदर अगस्त महीने में बढ़कर -0.52 फीसदी पर

**नई दिल्ली**

**खुदरा महंगाई** के बाद थोक महंगाई से भी आम आदमी को फिलहाल राहत नहीं मिली है। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित महंगाई दर अगस्त में मामूली बढ़त के साथ -0.52 पर पहुंच गई है। इससे पिछले महीने जुलाई में यह -1.36 फीसदी रही थी। हालांकि, लगातार पांच महीने से थोक महंगाई दर निगेटिव (शून्य) से नीचे है। वाणिज्य एवं उद्योग



मंत्रालय ने गुरुवार को जारी आंकड़ों में बताया कि अगस्त में थोक महंगाई दर सालाना आधार पर -0.52 रही है। इससे पिछले महीने जुलाई में यह दर -1.36 फीसदी रही थी, जबकि जून में थोक महंगाई दर -4.12 फीसदी थी।

## खबर संक्षेप

### अनुवां-चनेथू-महरछा संपर्क मार्ग बारिश में जलमग्न आवागमन बाधित

**जंघई।** प्रतापपुर क्षेत्र की अधिकांशतः ग्रामीण सड़कें वर्षों से मरम्मत के अभाव में जीर्ण शीर्ण हो गई है ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों के बार बार प्रार्थना पत्र देने के बावजूद जनप्रतिनिधि या विभागीय अधिकारी, लोकनिर्माण, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग ध्यान नही दे रहे हैं।रघईपुर महरछा से पयागपुर कुंदौरा धाम जाने वाली सड़क एवं क्षेत्र की अन्य जर्जर हो चुकी सड़कों मे अनुवां-चनेथू महरछा, चंपापुर-हरीपुरपट्टी जलालपुर, महरछा- पांडेयपुर आदि सड़कें मरम्मत के अभाव में पूर्ण रुप से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। उपरोक्त सड़कों की मरम्मत न होने से सभी आक्रोशित है मिनटों का सफर घंटों मे तय करना पड़ रहा है। इन सड़को पर रात दिन आवागमन होने के बावजूद वर्षो से इनकी मरम्मत नही हुई है। दो जिलों को जोड़ने वाली सड़को की भी मरम्मत नही हो रही है जिससे क्षेत्रवासी आक्रोशित व निराश हैं।

# करछना विकास खंड में प्रधानों के प्रदर्शन पर जिला विकास अधिकारी ने बीडीओ को किया तलब

## स्पष्टीकरण के बाद मामले में दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जायेगी : डीडीओ

अखंड भारत संदेश



**करछना।** प्रयागराज बीते दिनों बारह सितंबर को ब्लाक परिसर में ग्राम प्रधानों द्वारा भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर प्रदर्शन करने के बाद जिला विकास अधिकारी भोलानाथ कनौजिया ने संज्ञान लेते हुए पत्र लिखकर बीडीओ धीरेश गुप्ता से स्पष्टीकरण मांगा है। उन्हें गुरुवार की शाम तक ही अपना जवाब साक्ष्य के साथ देना था।

वहीं जिले के अधिकारियों के हस्तक्षेप पर प्रधानों ने खुशी जताई। कहा कि पूरे ब्लाक में कर्मचारी, बाबू अवैध वसूली कर रहे हैं। इस पर रोक लगाई जाए। बीते दिनों अखिल भारतीय प्रधान संगठन की ओर से करछना ब्लॉक परिसर में प्रधान संघ अध्यक्ष अवतार किशन सिंह एडवोकेट महामंत्री धीतेश तिवारी सहित दर्जनों प्रधानों एवं प्रधान प्रतिनिधिओ ब्लाक मुख्यालय पर कमीशन खोरी के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया था इस आशय को लेकर हिन्दी। दैनिक समाचार पत्रों ने मामले को गंभीरता से लेते अलग अलग अखबारोने प्रमुखता समाचार पत्रो प्रकाशित किया था, जिसका संज्ञान में लेते हुए जिला विकास अधिकारी ने पत्र भेज कर खंड विकास अधिकारी करछना को गुरुवार को तलब किया है। कहा गया है कि मनरेगा, पंचमवित्त, राज्य वित्त समेत अन्य निधियों में खूब भ्रष्टाचार की शिकायत मिल रही है। साथ ही सरकार की योजनाओं की क्रियान्वयन में भी लापरवाही मिल रही है। वहीं जांच की सूचना पर ब्लॉक कर्मियों में खलबली मची रही। मामले में डीडीओ भोलानाथ कनौजिया ने कहा कि ब्लॉक के अधिकारियों का जवाब मिलने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

### राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन इं.का. में धूमधाम से मनाया गया हिन्दी दिवस

**नैनी।** नैनी राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन इंटरमीडिएट कॉलेज में हिंदी दिवस धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व राज्यपाल स्वर्गीय पंडित केसरी नाथ त्रिपाठी की पुत्रवधू एवं प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा की कविता यादव त्रिपाठी रही। उन्होंने हिंदी के महत्व पर प्रकाश डाला कहां हिंदी भारत के अलावा कई अन्य देशों में बोली जाने लगी है। हाई कोर्ट में महत्वपूर्ण फैसला हिंदी में दिए जा रहे हैं तो रेलवे ने सभी विभागों मैं हिंदी अनिवार्य कर दी है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय सालिक राम जयसवाल के पुत्र डॉ अतुल जायसवाल स्ट्रक्चरल इंजीनियर ने कहा कि हिंदी की परिधि में रहकर सभी संपूर्ण सफलता प्राप्त की जा सकती है। इस अवसर पर विशिष्ट स्थिति सदस्य भाषा विभाग उत्तर प्रदेश शासन फखरुद्दीन अली अहमद मेमोरियल समिति प्रोफेसर डॉक्टर जहां आरा ने राजर्षि टंडन के हिंदी के विकास मैं योगदान की चर्चा की तथा शुरूआत की प्रोफेसर डॉक्टर संगीता अल्फ्रेड ने हिंदी के विकास के समक्ष वैश्विक चुनौतियों की चर्चा की। अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति के वरिष्ठ सदस्य भागवत कुशवाहा ने की स्वागत प्रधानाचार्य स्वामीनाथ त्रिपाठी एवं संचालन डॉ. राम प्रकाश मिश्रा ने किया। इस अवसर पर जहां छात्र-छात्राओं ने हिंदी पर आधारित रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया वहीं राजेश शर्मा ने स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सुभाष चंद्र डॉक्टर, आलम आरा, अतुल कुमार जायसवाल, विनोद कुमार सिंह तथा आकांशा कुशवाहा रचना सिंह आदि रहे।

## न्यूज झरोखा

### चौका गांव में ओवर ब्रिज निर्माण में धांधली का आरोप, ग्रामीणों का प्रदर्शन

ग्रामीणों की समस्याओं का होगा निराकरण-एसडीएम हंडिया



**जंघई।** जंघई, चौका मोड़ तिराहा से एनएच 731 बी 640 करोड़ लागत से बन रहे ओवर ब्रिज का डीपीआर चौका मोड़ तिराहा से दो सौ मीटर पश्चिम की तरफ से बनाया गया था लेकिन राजस्व निरीक्षक टीम के द्वारा मनमानी ढंग से दो सौ मीटर पहले चौका मोड़ तिराहा से ओवर ब्रिज ले जाने से जहां दो दर्जन से अधिक दुकानदार बेरोजगार हो जाएंगे और पच्चासों मकान धराशाई हो जायेंगे। अगर पहले के डीपीआर से ओवर ब्रिज बनाया जाता तो इतने मकानों को टूटने से बचाया जा सकता था क्योंकि उस तरफ से ज्यादा से ज्यादा गांव सभा की जमीन पड़ती है और सरकार के राजस्व कि बचत हो जाएगी। ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने आए उप जिलाधिकारी हंडिया प्रेम नारायण ने पत्रकार वार्ता में कहा कि लोगों की समस्या सुनी गई तथा इस पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा। उपस्थित ग्रामीणों ने बताया कि नए ढंग से बनाए जा रहे डीपीआर से पच्चासों घर मुसहर टोली के प्रभावित हो रहे हैं और वे जहां है उनके नाम जमीन नहीं है और उनका आशियाना टूट जाने पर कहां जाएंगे यह मुसहर बस्ती के लोगों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है।

### महाविद्यालय में हिंदी दिवस पर हिंदी विभाग द्वारा व्याख्यान का आयोजन



**नैनी।** नैनी हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नैनी प्रयागराज में हिंदी दिवस पर हिंदी विभाग द्वारा वर्तमान वैश्विक परिदृश्य और हिंदी भाषा' विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय प्रोफेसर ओम प्रकाश रहे और व्याख्यान की मुख्य वक्ता संस्कृत विभाग की विभाग प्रभारी प्रोफेसर मंजुलता मैम और वक्ता दर्शनशास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ अमित मिश्रा एवं सैन्य विज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ दीपक रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के पश्चात उपस्थित अतिथियों का स्वागत हिंदी विभाग की विभाग प्रभारी प्रोफेसर सविता कुमारी श्रीवास्तव द्वारा किया गया। अपने स्वागत उद्बोधन में प्रोफेसर सविता कुमारी श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत करने के साथ ही हिंदी भाषा को बढ़ावा देने पर बल दिया। विषय प्रवर्तन हिंदी विभाग के प्राध्यापक डॉ जयराम त्रिपाठी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने हिंदी विषय पर विस्तार से व्याख्यान दिया और हिंदी भाषा की महत्ता को समझाया। छात्र-छात्राओं ने भी आयोजित व्याख्यान में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया जिसमें विशाल, नम्रता, प्रज्ञा, आशुतोष, बृजेश आदि रहे। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को आशीर्वचन प्रदान किया और हिंदी को रोजगार परक बताते हुए इसे अपनाने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन हिंदी विभाग की प्राध्यापिका डॉ अर्चना राय द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन बी ए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा गौसिया बानो ने किया। व्याख्यान में डॉक्टर नीतू सिंह, डॉअनुभा श्रीवास्तव डॉ आर के सिंह ,डॉ हरीश वर्मा, डॉ धीरेंद्र कुमार सिंह, डॉ निरुपमा ,डॉ अर्चना सिंह ,डॉ पूनम शुक्ला, डा विपिन कुमार, डॉ सुरेश पटेल आदि के साथ ही महाविद्यालय के छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### बस्ती में हिंदी गीत प्रतियोगिता कराकर मनाया हिंदी दिवस



**प्रयागराज।** करेलाबाग में स्वयंसेवी संस्था पारस फाउंडेशन के तत्वाधान में करेलाबाग सुब्बन घाट के समीप स्थित बस्ती में रहने वाले असहाय परिवार के बच्चों के बीच हिंदी गीत प्रतियोगिता कराई गई जिसमे लगभग 40 बच्चे सम्मिलित हुए। प्रतियोगिता के माध्यम से सभी को पुरस्कृत करते हुए छोटे बच्चों को बैग में कॉपी, पेंसिल, रबर कटर एवं थोड़े बड़े बच्चों को पेन दिया गया प्रतियोगिता में भाग लिए सभी बच्चों को सर्टिफिकेट दिया गया। पुरस्कृत करते हुए वार्ड अध्यक्ष सुभाष तिवारी ने बच्चों से हिंदी के प्रति सम्मान रखने की बात कही। बच्चों को हिंदी का महत्व बताते हुए मधुमिता नाथ ने कहा विकसित देशों में उनकी अपनी भाषाएं बोली जाती हैं। इसलिए हमे अपने देश के विकास को और तेज गति देने के लिए एक सरल भाषा के माध्यम से सभी को जुड़े रहना होगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अरुण निषाद, शुभेंद्र पांडेय उपस्थित रहे।

### राजकीय आश्रम पद्धति इंटर कॉलेज खाई में हिंदी दिवस पर बड़ी संख्या में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा



**करछना।** राजकीय आश्रम पद्धति इंटर कॉलेज खाई करछना प्रयाग राज में हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी सप्ताह मनाया गया जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें सुलेख, निबंध, आलेख, दोहा तथा वाद विवाद में छात्रों ने प्रतिभाग किया अपने वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त छात्रों को पुरस्कृत करने की घोषणा प्रधानाचार्य मत्स्येन्द्र नाथ त्रिपाठी ने की प्रतियोगिताओं का आयोजन हिन्दी के शिक्षक संदीप तिवारी और श्री धर्मेन्द्र सिंह के नेतृत्व में हुआ इस अवसर पर वरिष्ठ प्रवक्ता अबू मोहम्मद, श्री जितेन्द्र, श्री अखिलेश पंकज व अन्य शिक्षक व छात्र उपस्थित थे।

### हिंदुस्तान की शान है हिंदी हर हिंदुस्तान की पहचान है हिंदी




**झूंसी।** सरोज विद्यासागर इंटर कॉलेज में हिंदी दिवस के अवसर पर सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को विद्यार्थियों ने सम्मानित किया। प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने बच्चों को बताया कि 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा राजभाषा हिंदी के रूप में स्वीकार किया गया। न्याय नगर पब्लिक स्कूल में 1 सितंबर से 14 सितंबर तक हिंदी पखवाड़ा मनाया गया। जिसमें नर्सरी से लेकर कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों ने पूरे जोश एवं उत्साह के साथ भाग लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. बुशरा मुस्तफा ने बच्चों को अपनी मातृभाषा के महत्व से परिचित कराया। विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्षा श्रीमती सुचित्रा वर्मा मौजूद रही। न्यू टाउन हॉल पब्लिक स्कूल कॉलेज के तत्वाधान में हिंदी दिवस के अवसर पर विद्यालय में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि अभिलाष नारायण व आलोक रस्तोगी उपस्थित रहे। अभिलाष नारायण ने अपने कविता के माध्यम से छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंधक रोमिला रास्तोगी, रुझान रस्तोगी, सुधीर रस्तोगी, प्रधानाध्यापिका शालिनी श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# भारतीय ज्ञान को वैश्विक बनाने में हिंदी का महत्वपूर्ण योगदान

राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में हिंदी दिवस पर परिसंवाद का आयोजन

**फाफामऊ।** उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के मानविकी विद्याशाखा के तत्वावधान में हिन्दी दिवस पर अमृत काल में हिन्दी की भूमिका विषय पर परिसंवाद\ का आयोजन किया गया। राजभवन लखनऊ में आयोजित सिम्पोजियम में प्रतिभाग करने गई कुलपति प्रोफेसर सीमा ने हिंदी के अनन्य उपासक भारत रत्न राजर्षि टंडन का स्मरण करते हुए वहीं से सभी को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की।तिलक सभागार में आयोजित कार्यक्रम के समन्वयक प्रोफेसर सत्यपाल तिवारी, निदेशक, मानविकी विद्याशाखा ने कहा कि भाषा, भाव एवं विचारों के सम्प्रेषण का सशक्त माध्यम होती है। वह जितनी ही ग्राह्य व सुस्पष्ट होगी उतना ही उसका प्रचार और प्रसार बढ़ेगा। हिन्दी वर्तमान में वैश्विक परिदृश्य में सम्प्रेषणता की दृष्टि से सबसे महत्वपूर्ण भाषा बनती जा रही है। उन्होंने कहा कि अमृत काल में भारतीय ज्ञान गरिमा को वैश्विक बनाने में हिन्दी का योगदान सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। भारत में हिन्दी की ग्राह्यता और उसकी लगातार लोकप्रियता इस बात का प्रमाण है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रोफेसर पी.पी.दुबे, निदेशक कृषि विज्ञान विद्या शाखा ने कहा कि हिन्दी भाषा समृद्ध भाषा है। भारत में 43 प्रतिशत लोग हिन्दी बोलते हैं। आज हिन्दी अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर अपनी छाप छोड़ते हुए विकास की ओर अग्रसर है। हिन्दी दिवस पर यह संकल्प लें कि हम हिन्दी में संवाद स्थापित करें और इसके विकास में योगदान दें। हिंदी की प्रोफेसर रूचि बाजपेई ने कहा कि हिन्दी विश्व की शक्तिशाली भाषा है। भारत के नौ राज्यों में सारे कार्य हिन्दी में हो रहे हैं। 14 सितम्बर, 1949 को हिन्दी भाषा को संवैधानिक मान्यता मिली थी। इसी लिए 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस मनाया जाता है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343 के अनुसार हिन्दी को भारत की राजकीय भाषा का दर्जा दिया गया था। डॉ. सतीश चन्द्र जैसल ने कहा कि मातृभाषा हमारी संस्कृति का वाहक होती है। मातृभाषा का तब तक विकास नहीं होता जब तक हम उसको आत्मसात व सम्मान नहीं करते। उन्होंने कहा कि मातृभाषा में ज्ञान प्राप्त करें और उसका सदैव आदर और सम्मान करें। डॉ. अतुल कुमार मिश्र ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हिन्दी भाषा को आत्मसात कर इसके गौरव को बढ़ाये तभी इसकी उत्थान हो सकेगा। संचालन आयोजन सचिव अनुपम ने किया एवं डॉ. अब्दुल रहमान ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विभिन्न विद्याशाखाओं के आचार्य, सह-आचार्य एवं सहायक आचार्यगण उपस्थित रहे।

# हिंदी दिवस : शिक्षण संस्थानों में हुई प्रतियोगिताएं

## कविता,निबंध,भाषण, स्लोगन व पोस्टर मेकिंग के जरिए बताई राष्ट्रभाषा की पहचान


अखंड भारत संदेश






**मेजा।** हिंदी दिवस पर शिक्षण संस्थाओं में गुरुवार को प्रतियोगिताएं करवाई गई। इसमें हिंदी की महत्ता को बताते हुए इसके अधिकाधिक प्रयोग करने पर जोर दिया गया। इसी क्रम में राष्ट्रीय शिक्षा निकेतन बालिका इंटर कालेज लखनपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी नित्यानंद उपाध्याय ने कहा कि अंग्रेजी का विरोध व हिन्दी भाषा का विकास ऐसा नहीं हो सकता। पूरे देश में हिन्दी बहुतायत में बोली व समझी जाती है। उन्होंने बताया कि हिन्दी भाषा के साथ हमारी संस्कृति जुड़ी हुई है। कविता, स्लोगन, पोस्टर मेकिंग, कोलाज, लोकनृत्य प्रतियोगिताएं भी करवाई गई। सपा नेता लल्लन सिंह ने बताया कि हिन्दी ही राष्ट्र की एकता का मूल आधार है।पूर्व प्रधान अमौरा योगेंद्र सिंह ने कहा कि हिन्दी सिर्फ हमारी भाषा ही नहीं हमारी पहचान भी है। मेजारोड व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय ने बच्चों को हिन्दी दिवस के बारे में बताते हुए कहा हमारे देश में सबसे अधिक बोली और समझी जाने वाली भाषा हिन्दी है। इसलिए हिन्दी का सम्मान करना हम सबका कर्तव्य है। इससे पहले मुख्य अतिथि ने स्वतंत्रता दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली बालिकाओं को पुरस्कृत किया।अंत में विद्यालय के प्रबंधक स्वर्गीय कौशलेष तिवारी मणिनाथ तिवारी को याद करते हुए नमन किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रधान प्रतिनिधि लखनपुर संदीप तिवारी व राजीव मनी नाथ तिवारी ने अतिथियों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर धीरज दुबे, दिलीप तिवारी, शमी शुक्ला,अजय तिवारी,प्रशांत तिवारी,आकाश तिवारी,पार्थ तिवारी सहित आदि लोग मौजूद रहे। इसी क्रम में बाल विकास जू0हा0 जेरा में हिंदी दिवस मनाया गया। विद्यालय के प्रबंधक बीरेंद्र मिश्र ने कहा कि हिन्दी सिर्फ हमारी भाषा ही नहीं हमारी पहचान भी है। उन्होंने बताया कि हिन्दी भाषा न केवल हमारी राजभाषा है, अपितु यह हिन्दुस्तान का अलंकार है। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में हिन्दी दिवस पर सुलेख प्रतियोगिता करवाई गई। वार्डन सीतांजली ने कहा कि आज हर कोई सफलता पाने के लिए इंग्लिश भाषा को सीखना और बोलना चाहता है, क्योंकि हम देखते है कि आज हर जगह इंग्लिश भाषा की ही मांग शुरू है। लेकिन हमें अपनी मातृभाषा और राजभाषा को कभी नहीं भूलना चाहिए। बैकुंठ गिरी सर ने कहा कि भारत में वर्ष 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा के बहुमत से राजभाषा घोषित की गई। तब से यह 14 सितंबर को मनाया जाता है। इसी दिन हिन्दी को हमारे संविधान में राष्ट्रभाषा का दर्जा मिला था। 14 सितंबर 1953 में पहली बार हिंदी दिवस मनाया गया। इस मौके पर अल्पना मिश्रा, सर्वेश, अतुल यादव भाईलाल और रीता आर्य मौजूद रहीं। एसजीटी पब्लिक स्कूल मेंडरा में हिंदी दिवस धूमधाम से मनाया गया। संस्था के प्रिंसिपल पवन तिवारी ने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है तथा ये हम सभी को जोड़ने का काम करते हुए देश में एकता फैलाने के लिए बहुत जरूरी है। उन्होंने मातृभाषा में संवाद पर बल दिया इस मौके पर सभी शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

### ट्रांसफार्मर बदलने के नाम पर पैसा मांगने की ऊर्जा मंत्री से हुई शिकायत, बैजला गांव में महीने भर से जला है ट्रांसफार्मर



**कोरांव।** तहसील क्षेत्र के बैजला गांव में ट्रांसफार्मर बदलने के नाम पर पैसा मांगने की शिकायत ऊर्जा मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार से की गई है। शिकायतकर्ता कृपा शंकर तिवारी ने ऊर्जा मंत्री को दिए गए शिकायती पत्र में बताया है कि महीने भर से गांव का 10 केवीए का ट्रांसफार्मर जल गया है। जिसकी कंपलेंन विभागीय नंबर पर दर्ज कराई गई जिसके बाद ट्रांसफार्मर बदलने का संदेश भी आया। लेकिन अभी तक ट्रांसफार्मर ट्रांसफार्मर बदला नहीं गया है। ग्रामीण शिकायतकर्ता ने बताया कि उक्त ट्रांसफार्मर को प्राइवेट विद्युत कर्मियों के द्वारा कहीं अन्यत्र लगा दिया गया है। जिससे गांव में महीने भर से अंधेरा छाया हुआ है। शिकायतकर्ता ने क्षेत्रीय जेई पर फोन न उठाने का भी जिक्र करते हुए शिकायत दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता ने शिकायती पत्र में स्पष्ट रूप से लिखा है कि निकटतम लाइनमैनो के द्वारा 20 से 25 हजार रुपए ग्रामीणों से मांगा जा रहा है। जिसे ग्रामीण देने में असमर्थ हैं। जिसको लेकर ट्रांसफार्मर नहीं बदला जा रहा है। शिकायतकर्ता ने मनमाने विद्युत अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए महीने भर से जले ट्रांसफार्मर को शीघ्र बलवाए जाने की मांग की है।

### एसडीएम ने बड़ोखर गौशाला का किया निरीक्षण कर खामियों पर लगाई फटकार, पशु चिकित्साधिकारी को दिए निर्देश



**कोरांव।** एसडीएम अविनाश सिंह यादव ने गुरुवार को बड़ोखर गांव के गौशाला का निरीक्षण किया। गौशाला की खामियां देख उन्होंने जिम्मेदारों को फटकार भी लगाई। गौशाले की चरही व भूसा भंडारण के पास हरा चारा न देख उन्होंने कहा कि सख्त निर्देश के बाद भी गौशाला संचालक व जिम्मेदार गड़बड़ी कर रहे हैं। यह कतई बर्दाश्त नहीं होगा। उन्होंने कहा कि हरे चारे की उपलब्धता हर हाल में सुनिश्चित कराएं। इसी तरह उन्होंने पशुओं को टैग न लगे होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए पशु चिकित्साधिकारी कोरांव को निर्देशित किया कि तीन दिन के भीतर गौशाले में रह रहे सभी पशुओं को टैग लगा मिलना चाहिए अन्यथा करवाई तय मानें। बड़ोखर गौशाला में कुल पशुओं की संख्या 270 है। मौके पर 10 प्रतिशत पशुओं को भी टैग लग नहीं पाया गया। जिस पर एसडीएम ने बेहद नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने गौशालाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए ग्राम प्रधान व जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देशित किया। कहा अगर खामियां मिली तो कार्रवाई निश्चित रूप से की जाएगी।

### आंगनबाड़ी केंद्र करपिया में लटकता मिला ताला

**कोरांव।** कंपोजिट विद्यालय कृपया में एसडीम अविनाश सिंह यादव के निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र में ताला लटक रहा था जिस पर भी उन्होंने नाराजगी जाहिर की जब शिक्षकों से उन्होंने पूछा तो शिक्षकों ने भी गोल मटोल जवाब दिया आंगनवाड़ी केंद्र संचालिका के विरुद्ध भी उन्होंने कार्रवाई की संस्तुति की है।

# आक्रोशित अधिवक्ताओं ने प्रदेश सरकार का पुतला फूंक जताया विरोध



अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** कोरांव मे वृहस्पतिवार को हापुड़ जिले में पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं पर की गई बर्बरता के विरोध में आक्रोशित अधिवक्ताओं ने प्रदेश सरकार के मुखिया का पुतला फूंका और पुलिस प्रशासन व सरकार विरोधी नारे भी लगाए। आपको बता दें कि हापुड़ मे अधिवक्ताओं पर पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज के विरोध मे पखवाड़े भर से प्रदेश भर के अधिवक्ता हड़ताल पर हैं। जिसके क्रम मे वृहस्पतिवार को बार एसोसिएशन कोरांव के अध्यक्ष अरुण तिवारी, मंत्री विंध्यवासिनी प्रसाद शुक्ल के नेतृत्व मे सैकड़ों अधिवक्ताओं ने लामबंद होकर प्रदेश सरकार और पुलिस प्रशासन मुदार्बाद के नारे लगाते हुए प्रदेश सरकार और पुलिस प्रशासन का संयुक्त रूप से पुतला फूंका। इस दौरान बार के अध्यक्ष अरुण तिवारी ने कहा कि परिस्थिति चाहे जो हो परन्तु हमारा संघर्ष अधिवक्ता हित मे जारी रहेगा। इस दौरान नायब तहसीलदार बड़ोखर विनोद सिंह, थाना प्रभारी विनोद सिंह अपने हमराहियों के साथ शान्ति व्यवस्था हेतु मुस्तैद रहे। इस दौरान अधिवक्ताओं में प्रमुख रूप से वरिष्ठ अधिवक्ता बालगोविंद पाण्डेय, अरुण मिश्रा (बाबा), विजय बहादुर सिंह, गजेंद्र सिंह, हेमवती सिंह, श्याम सुन्दर तिवारी, श्री कांत मिश्रा, अजय तिवारी, बृजेश मिश्रा, विनीत मिश्रा, प्रभाकर श्रीवास्तव, राजू दुबे, हरि प्रसाद सिंह, त्रिवेणी प्रसाद यादव, सुनील पाण्डेय, बृजेश तिवारी, राजेश शुक्ल, भास्कर यादव, यादवेंद्र यादव, आशुतोष तिवारी, रवि प्रकाश तिवारी, संतोष कुशवाहा,धीरेंद्र शुक्ल, जगदीश पाण्डेय, अनिल मिश्रा,सीताराम पाण्डेय, शशि दुबे, अनूप मिश्रा, अखिल दुबे, विवेक गौतम, बृजेश सिंह, उमाशंकर पाल, वेद प्रकाश प्रजापति के अलावा सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे।



## हापुड़ की घटना में अधिवक्ताओं का कांग्रेस पार्टी ने किया समर्थन

**करछना।** हापुड़ में वकीलों पर बर्बरता पूर्वक हुएं लाठीचार्ज के विरोध में अधिवक्ताओं को कांग्रेस पार्टी का समर्थन डा दिनेश कुमार सोनी हापुड़ में वकीलों पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज केखिलाफ अधिवक्ताओं द्वारा चल रही हड़ताल में कांग्रेस पार्टी ने अधिवक्ताओं का समर्थन किया है कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के आवाहन पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष यमुनापार प्रयागराज अरूण तिवारी के निर्देशन में करछना ब्लाक के कांग्रेस जन उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य जिला कांग्रेस महासचिव डा दिनेश कुमार सोनी ने तहसील मुख्यालय पहुंच कर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चिन्ता मणि शुक्ल एडवोकेट बार एसोसिएशन महामंत्री श्री हंसराज सिंह को समर्थन पत्र सौंपा समर्थन पत्र देने वालों में सर्व श्री रंगराज सिंह उपाध्याय जिला कांग्रेस शिव विजय सिंह पूर्व उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस प्रकाश पाण्डेय एंडो ब्लाक अध्यक्ष विद्याधर मिश्र सुरेश कुमार पटेल मंत्री रमेश तिवारी एंडो नागेश पांडेय जिला सचिव सरोज मिश्रा ब्लाक अध्यक्ष महिला कांग्रेस कमेटी संजय शुक्ल रविराज सिंह एडवोकेट आशीष कुमार मिश्र एंडो विनय कृष्ण पांडेय एडवोकेट अनिल कुमार पाण्डेय कौशलेंद्र गौड़ के सी भारतीया राजेश तिवारी सन्तोष द्विवेदी नन्दलाल यादव रजनीश गौड़ श्याम बाबू पूर्व प्रधान शामिल रहे।

# हापुड़ केस : करछना में वकीलों का उग्र प्रदर्शन



**करछना।** प्रयागराज गुरुवार को बार एसोसिएशन तहसील करछना के अध्यक्ष चिंतामणि शुक्ला महामंत्री हंसराज सिंह उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह के नेतृत्व में तहसील के समस्त अधिवक्ताओं ने हापुड़ में वकीलों के साथ पुलिसिया बर्बरता लाठी चार्ज के विरोध में पुलिस प्रशासन का पुतला मुख्यालय गेट पर पुलिस प्रशासन मुदार्बाद के नारे के साथ जलाकर अधिवक्ताओं ने अपना आक्रोश व्यक्त किया बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने प्रशासन का पुतला बनाकर तहसील परिसर में परिक्रमा की उसके बाद 500 गज की दूरी पर एसडीएम आवास पर जाकर नारेबाजी करते हुए पुलिस प्रशासन के खिलाफ मुदार्बाद के नारे लगाए गए अधिवक्ताओं की मांग है कि हापुड़ में हुई घटना में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई जिसके विरोध में अधिवक्ता आंदोलित हैं वहीं कई दिनों से तहसील में अधिवक्ताओं की हड़ताल के चलते कार्य सभी न्यायिक एवं जन समस्याएं निस्तारण पूरी तरह ठप हो गई हैं जिसके चलते दूर दराज से आने वाले फरियादियों के लिए मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है तथा सरकारी कामकाज भी पूरी तरह से अधिवक्ताओं की नाराजगी और एवं हड़ताल के चलते तहसील करछना का कार्य पूरी तरह बाधित है उपस्थित प्रमुख अधिवक्ताओं में बलजीत सिंह यादव प्रसाद डीआर सिंह, ज्ञान सिंह, विद्युत सिंह, मुदित प्रताप सिंह सहित सैकड़ो अधिवक्ता शामिल रहे।

# अर्धनग्न अवस्था में सड़क किनारे मिली युवक की लाश, हड़कंप

## परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, पोस्टमार्टम में करंट लगने से युवक की मौत

अखंड भारत संदेश



**झूंसी।** स्थानी थाना क्षेत्र में गुरुवार की सुबह लीलापुर रोड किनारे बिजली के ट्रांसफार्मर के नीचे एक युवक की अर्ध नग्न अवस्था मे लाश मिलने से हड़कंप मच गया। जिसकी पहचान नीबी के अनुराग पुत्र रामनारायण प्रजापति के रूप में हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने डॉग स्क्वायड व फील्ड यूनिट के साथ जांच की पुलिस मामले को हादसा मान रही है तो वहीं परिजन युवक की हत्या का आरोप लगा रहे है। बहरिया निवासी रामनारायण प्रजापति काफी समय से अपने ससुराल झूंसी के नीबी गांव में परिवार के साथ बस गया है। उसके चार बेटे व एक बेटी है। बड़ा बेटा डॉक्टर है। पिता की माने तो उसका सब से चोट बेटा अनुराग बुधवार की रात 11 बजे तक घर पर था। गुरुवार की सुबह घर से कुछ दूरी पर लीलापुर रोड के किनारे नीबी में सरकारी टीयूबेल के पास लगे ट्रांसफार्मर के नीचे उसकी लाश औधे मुंह पड़ी मिली तो सनसनी फैल गई। मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई तभी परिजन भी रोते बिलखते आ गए। सूचना पर थाना प्रभारी झूंसी भी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और डॉग स्क्वाड, फील्ड यूनिट ने भी घटना स्थल पर जांच की परिजन अनुराग की हत्या का आरोप लगा रहे है। उनका कहना था है किसी ने अनुराग को मार कर यहां फेंक दिया उसके शरीर पर चोट के भी निशान थे मोबाइल भी गायब है और पास में पड़ी चप्पल भी उसकी नही है। मामले में थाना प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पोस्टमार्तम में करंट से युवक की मौत पुष्टि हुई है। पर सवाल यह भी है कि अगर वह हादसे का शिकार हो गया तो इतनी रात को ट्यूबल के पास झाड़ियां में क्या करने आया था। अनुराग की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## एसडीएम के पूंछने पर शिक्षक नहीं बता सके राज्यपाल का नाम

### विद्यालय में गंदगी देख भड़के, ग्राम प्रधान व सफाई कर्मचारी के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश

**कोरांव।** देश के नौनिहालों के भविष्य को संवारने वाले शिक्षकों को ही जब उत्तर प्रदेश के राज्यपाल का नाम न पता हो इससे बड़ी शर्मनाक बात परिषदीय विद्यालयों के पठन-पाठन व शिक्षण व्यवस्था को उजागर करने के लिए कुछ भी नहीं हो सकती। मामला कंपोजिट विद्यालय करपिया का है जहां एसडीम अविनाश सिंह यादव बूथ का निरीक्षण करने पहुंचे थे। उन्होंने विद्यालय का निरीक्षण करते हुए जब शिक्षकों से उत्तर प्रदेश के राज्यपाल का नाम पूछा तो मौजूद रहे शिक्षकों में इंचार्ज प्रधान अध्यापक रविंद्र कुमार, अविनाश देव, आसफा खातून, आशीष कुमार पांडेय, कृष्णकांत तिवारी में से किसी ने भी उत्तर प्रदेश के राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का नाम नहीं बता सके। जिस पर एसडीएम ने फटकार लगाई और कार्यवाही हेतु बीएसए व बीईओ को पत्र भी निर्गत कराया। उन्होंने विभागीय कार्रवाई के लिए संस्तुति की। इसी प्रकार विद्यालय परिसर में गंदगी देख शिक्षकों को फटकार लगाई एसडीएम ने कहा है कि ग्राम प्रधान व नियुक्त सफाई कर्मचारी के विरुद्ध कार्यवाही के लिए लिखा जाएगा। कंपोजिट विद्यालय करपिया के बाद एसडीएम प्राथमिक विद्यालय बड़ोखरा पहुंचे जहां उन्होंने शिक्षकों व छात्रों से संवाद करते हुए कक्षा 5 की छात्रा अंशिता कुशवाहा की सराहना करते हुए प्रधानाध्यापक सुधाकर सिंह के शिक्षण कार्य और मेहनत को सराहा। उन्होंने कहा कि मेहनत कर आप लोग परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को भी नवोदय जैसी संस्थाओं में प्रवेश दिलाने का काम करें। एसडीएम ने छात्रा अंशिता कुशवाहा से भाग , ल स, म स भी हल कराए। छात्र ने सभी सवालों को हल कर दिया। जिससे एसडीएम ने उसकी खूब तारीफ भी की।

## डीएम ने की एअर फोर्स डे-2023 की तैयारियों के सम्बंध में बैठक

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में गुरूवार को संगम सभागार में एअर फोर्स डे-2023 के अवसर पर आयोजित होने वाले एयर शो को सुव्यवस्थित एवं सकुशल ढंग से आयोजित किए जाने के सम्बंध में विभागवार की जा रही तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। एअर फोर्स डे-2023 का आयोजन 08 अक्टूबर, 2023 को प्रस्तावित है, जिसमें परेड एअरफोर्स, बमरौली के कमाण्ड सेंटर में तथा संगम तट पर एअर शो का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। एअर फोर्स डे को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए जिलाधिकारी ने एअर फोर्स एवं सम्बंधित विभागों के अधिकारीगणों से एयर फोर्स डे एवं पूर्व के दिवसों पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारी की बिंदुवार समीक्षा की। कार्यक्रमों को सुव्यवस्थित एवं सकुशल ढंग से आयोजित किए जाने हेतु सभी सम्बंधित अधिकारियों से उनके द्वारा की जा रही तैयारियों की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम स्थल पर वीवीआईपी के बैठने की व्यवस्था, पीएस सिस्टम, कमेन्ट्री बाक्स, पार्किग की व्यवस्था, संगम क्षेत्र में साफ-सफाई की व्यवस्था, शौचालय, पीने के पानी, जल पुलिस, मेडिकल की व्यवस्था, बोट एम्बुलेंस, एम्बुलेंस, एम्बुलेंस में वॉयरलेस सिस्टम लगाये जाने, आपातकालीन चिकित्सा, ब्लड बैंक, कंट्रोल रूम बनाये जाने, रेफरल अस्पताल, कार्यक्रम के अवसर पर विद्युत आपूर्ति हेतु जनरेटर की व्यवस्था, एयरपोर्ट से संगम क्षेत्र तक सड़को की मरम्मत, डिवाइडर, फेंसिंग व विद्युत पोलों की पेंटिंग कराने तथा चैराहों पर लाइटिंग रेफलेक्टर लगाये जाने, अग्निशमन की व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिए है। कार्यक्रम स्थल के पास स्वास्थ्य विभाग की टीम, एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ तथा ग्रीन कारिडोर बनाये जाने हेतु की गयी कार्यवाही के बारे में जानकारी ली। उन्होने संगम क्षेत्र एवं आस-पास में लगे हुए टावरों, यमुना ब्रिज, हाईराइज बिल्डिंग पर वार्निंग लाइट एवं बिजली के तारों पर लोकेटर बॉल लगाये जाने हेतु कहा है। उन्होंने नगर निगम को साफ-सफाई, मोबाइल टॉयलेट, पेयजल सहित अन्य कार्यो हेतु व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के लिए कहा है। जिलाधिकरी ने संगम क्षेत्र के 10 किमी0 की परिधि में ड्रोन व पतंग उड़ाने व लेजर लाइट के इस्तेमाल को प्रतिबंधित किए जाने एवं बर्ड कंट्रोल के लिए कूड़ा भण्डारों की साफ-सफाई के निर्देश दिए है। इस अवसर पर प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री अरविंद सिंह चौहान, वायुसेना के वरिष्ठ अधिकारीगण, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जगदम्बा सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर मदन कुमार, अपर जिलाधिकारी मेला दयानंद, सिटी मजिस्टेट श्री सत्यप्रिय सिंह सहित जिला प्रशासन के अधिकारीगण उपस्थित रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत महेवा ता0 भुण्डा, वि. ख. करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./कोटेशन/2023-24 **टेण्डर/कोटेशन** दिनांक 14-09-2023

मनरेगा/ पंचम राज्य वित्त/15 वां वित्त/SLWM योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत **महेवा ता0 भुण्डा** विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन/प्राक्लन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 15-09-2023 से दिनांक 29-09-2023 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं । नियम व शर्तें किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है , तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 30-09-2023 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेण्डर /कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 30-09-2023 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नांकित कार्य पर पर जिस-जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा, जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा, साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा। उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा। उस भुगतान पर भी उक्त नियम व शर्तें लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य में उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | संख्या | योजना | अनुमानित लागत | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सामुदायिक खाद गड्ढा | 1 नग | SLWM | 2225.00 | 2 माह |
| 2. | सामुदायिक वर्मी कम्पोस्ट | 1 नग | SLWM | 57800.00 | 2 माह |
| 3. | कचरा वाहन | 1 नग | SLWM | 35000.00 | 2 माह |
| 4. | आर0 आर0 सी0 केन्द्र | 1 नग | SLWM | 650000.00 | 2 माह |
| 5. | सामुदायिक नाडेप | 2 नग | SLWM | 9600.00 | 2 माह |
| 6. | सामुदायिक एवं संस्थाओं हेतु सोक पिट | 9 नग | SLWM | 134550.00 | 2 माह |
| 7. | फिल्टर चैम्बर | 1 नग | SLWM | 24000.00 | 2 माह |
| 8. | हैण्डपम्प सोकपिट | 7 नग | SLWM | 104650.00 | 2 माह |
| 9. | मलीय कचरा प्रबंधन | 1 नग | SLWM | 14000.00 | 2 माह |

शिवराम निषाद
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत महेवा ता0 भुण्डा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

कमल सिंह
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत महेवा ता0 भुण्डा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज


## पत्रकारों का उत्पीड़न बर्दास्त नहीं करेंगे, आरडी वर्मा



**फाफामऊ।** इलाहाबाद पत्रकार एसोसियेशन की एक बैठक गुरुवार को फाफामऊ के आरपी रेस्टोरेंट में जिलाध्यक्ष आरडी वर्मा के अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में थरवई थाना क्षेत्र के हिंदी दैनिक के कुछ पत्रकारों पर क्षेत्र के शिक्षा माफिया और थरवई थाना की पुलिस के मिली भगत से फर्जी गंभीर मुकदमें में फसाने की साजिश करने के मामले को गंभीरता से लेते हुए पत्रकारों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष आरडी वर्मा ने कहा कि पत्रकारों का उत्पीड़न बर्दास्त नही करेंगे। पत्रकारों की लड़ाई सभी पत्रकार मिलकर पुलिस के उच्चाधिकारियों और उत्तर प्रदेश शासन से मिलकर फर्जी मुकदमें में फंसाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग करेगे। बैठक में पत्रकारों ने थरवई थाना क्षेत्र के हिंदी दैनिक के कुछ पत्रकारों को शिक्षा माफिया के खिलाफ मुकदमा लिखे जाने और दबंग माफिया द्वारा बिजली चोरी की खबर को अखबार में प्रकाशित करने से खुन्नस खाए शिक्षा माफिया और थरवई पुलिस मिलकर पत्रकारों को फर्जी मुकदमों में फंसाने की फर्जी साजिश करने की निंदा करते हुए नाराजगी जाहिर करते हुए विरोधियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग किया। बैठक में संरक्षक सुभाष चंद्र मिश्रा, राजकुमार पटेल, मंडल अध्यक्ष गोपी चंद्र केसरवानी, मोहम्मद क्यूम, श्याम कृष्ण शुक्ला, विजय पटेल, रामकुमार प्रजापति, अनिल सोनी, अश्वनी मिश्रा, शैलेश यादव सहित कई दर्जन पत्रकार उपस्थित रहे।

## प्रमुख सचिव, प्रशासनिक सुधार एवं लोक सेवा प्रबन्धन विभाग ने राजकीय कार्यालय निरीक्षणालय, प्रयागराज की अधिकृत वेबसाइट का किया वर्चुअली लोकार्पण

**प्रयागराज।** प्रशासनिक सुधार विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के नियन्त्रणाधीन संचालित राजकीय कार्यालय निरीक्षणालय, प्रयागराज उ0प्र0 की अधिकृत वेबसाइट का के0 रवीन्द्र नायक, आई0ए0एस0 प्रमुख सचिव, प्रशासनिक सुधार एवं लोक सेवा प्रबन्धन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा दिनांक 13.09.2023 को सचिवालय स्थित अपने कार्यालय से वर्चुअली लोकार्पण किया गया। इस वेबसाइट पर सरकारी कार्यालयों के अधिकारी/कर्मचारीगण विभिन्न विषयों यथा कार्यालय निरीक्षण, सूचना अधिकार अधिनियम-2005 तथा उ0प्र0 जनहित गारन्टी अधिनियम-2011 से आच्छादित सेवाओं आदि के समयबद्ध निस्तारण के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त वेबसाइट से जनसामान्य को यह भी जानकारी प्राप्त हो सकेगी कि उनके हित में राज्य सरकार द्वारा कौन-कौन से कार्य कितने समय के अंदर किये जाने निर्धारित किए गये हैं तथा उन्हें संबंधित सेवाओं का लाभ किस विभाग/अधिकारी द्वारा प्रदान किया जायेगा आदि। यह जानकारी मुख्य निरीक्षक, राजकीय कार्यालय (प्रशासनिक सुधार विभाग) प्रयागराज वी0के0 गंगवार ने दी है।

## मुकदमा दर्ज करने के बाद बलात्कारी को गिरफ्तार करना भूल गई पूरामुफ्ती पुलिस

**रेप की घटना को 8 महीने बीत जाने के बाद बलात्कारी को गिरफ्तार करने के लिए अफसरो ने भी थाना पुलिस को नहीं दिलाया याद**

**प्रयागराज।** जनपद प्रयागराज के पूरामुफ़्ती थाना क्षेत्र में एक दलित नाबालिक बालिका को 20 दिसंबर की शाम 6:00 बजे बोलेरो वाहन से अगवा करके चार लोग झलवा लेकर गए और झलवा में सुनसान जगह में बारी बारी से चारों दरिंदो ने दलित नाबालिक बालिका के साथ दरिंदगी की बदहवास हालत में दरिंदों की चंगुल से किसी तरह बालिका जान बचाकर भागी और रास्ते में दूसरी महिला के फोन से उसने परिजनों को फोन किया घटना के बाद अपनी मां के साथ बदहवास बालिका पूरामुफ्ती थाना पुलिस के पास पहुंची गंभीर घटना को देखते हुए थाना पुलिस ने आरोपी गोरेलाल वा भैया जी वा बोनी और शुभम के खिलाफ आईपीसी की धारा 376 (2) (छ ) सहित लैंगिक अपराधों के अधिनियम की धारा 5 और 6 के तहत चारों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा अपराध संख्या 381 सन 2022 दर्ज कर लिया लेकिन तमाम प्रयास के बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया था। थाना पुलिस से न्याय न मिलने पर आला अधिकारियों के चौखट पर बालिका की मा ने फरियाद की जिस पर अधिकारियों ने दरिंदो को तत्काल गिरफ्तार करने का निर्देश दिया अफसरो के निर्देश पर गोरेलाल और भैया जी को थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया लेकिन बोनी और शुभम के बारे में थाना पुलिस ने अफसरो को यह बताया कि दोनों मौके से फरार है गिरफ्तारी का प्रयास चल रहा है घटना में प्रयोग की गई बोलेरो वाहन को भी पुलिस ने अपने कब्जे में नहीं लिया ।


## आवश्यकता है

**एम0वी0आर0 डिग्री कालेज**
**कसिया, सिराथू, कौशाम्बी।**
स्ववित्तपोषित योजना के अन्तर्गत स्नातक स्तर पर
**विज्ञान संकाय** (बी0एस0सी0-कुल तीन (03) पद
(विषय-जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित एक-एक पद)
**कला संकाय** (बी0ए0)-कुल चार (04) पद
(विषय - हिन्दी, संस्कृत, समाजशास्त्र, इतिहास एक-एक पद)
प्रवक्ताओं की आवश्यकता है।
योग्यता विश्वविद्यालय एवं यू0जी0सी0 के नियमानुसार
वेतनमान यू0जी0सी0 के मानकानुसार
विज्ञापन के प्रकाशन के 07 दिन के अंदर
समस्त स्वप्रमाणित प्रमाण पत्रों एवं फोटो
महाविद्यालय कार्यालय को रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रेषित करें।

**वाचस्पति प्रबन्धक**
**एम0वी0आर0 डिग्री कालेज सिराथू-212201**
Email-mvrdegreec@gmail.com
**Mobile-7518011099, 8299213252**


## अधिकारियों पर कार्रवाई न होने से नाराज मुख्य स्थायी अधिवक्ता ने दिया इस्तीफा



**प्रयागराज।** हापुड़ में वकीलों पर लाठीचार्ज के प्रकरण में सरकार की ओर से आरोपी अधिकारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करने से नाराज इलाहाबाद उच्च न्यायालय में राज्य सरकार के मुख्य स्थायी अधिवक्ता अखिलेश अवस्थी ने इस्तीफा दिया है। अवस्थी का कहना है कि सरकार की ओर से वकीलों की मांग पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। अवस्थी उच्च न्यायालय बार काउंसिल के सदस्य भी हैं।

**अधिवक्ताओं की शिकायतों पर 16 सितंबर को सुनवाई करेगी हाईकोर्ट की न्यायिक कमेटी** : हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुए लाठी चार्ज के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर गठित न्यायिक कमेटी 16 सितंबर को अधिवक्ताओं की शिकायतें सुनेगी। इस संबंध में बुधवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट प्रशासन की ओर से अधिसूचना जारी की गई है। कहा गया है कि कमेटी के समक्ष कोई भी पीड़ित अपनी शिकायतों को दर्ज करा सकता है।इलाहाबाद हाईकोर्ट के रजिस्टर (प्रोटोकॉल) आशीष कुमार श्रीवास्तव की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि हापुड़ की घटना के मामले में न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता की अगुवाई में गठित कमेटी 16 सितंबर को बैठक करेगी। इसमें घटना से जुड़े अधिवक्ता या कोई भी पीड़ित, शिकायतें दर्ज करा सकते हैं। यह बैठक हाईकोर्ट के कमेटी रूम में सुबह 11 बजे से शुरू होगी। कमेटी के सामने वर्चुअली भी बात रख सकते हैं। कमेटी वर्चुअली शिकायतें सुनने के लिए एक लिंक भी जारी करेगी, जिसे कोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर जल्द अपलोड किया जाएगा।

## पीडीए ने एक दर्जन से अधिक निमार्णाधीन मकान को किया सील



**झूंसी।** क्षेत्र में प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने गुरुवार को बड़ी कार्यवाही की है। जोनल संजीव कुमार उपाध्याय की मौजूदगी में उस्तापुर महमूदाबाद में अजीत कुमार पटेल, सविता यादव, गोरेलाल यादव, देवनगर में हंसराज गुप्ता, सरायतकी में कुलदीप यादव, सीमा भारती, राजेंद्र प्रसाद, सीमा भारती एवं रेखा भारती, बधवाताहीरपुर में सरस्वती देवी, संगीता यादव, ललिता देवी, अंदावा में शांति भूषण, कमल सिंह, न्याय नगर में राकेश केसरवानी, नैका में नन्हेंलाल सरोज के अवैध निर्माण में सीलबंदी की कार्रवाई की गई। पीडीए इस कार्यवाही से बिना नक्शा पास काराये भवन निर्माण कर रहे लोगों में हड़कंप मचा रहा। कार्यवाही के दौरान अवर अभियंता बीएन सिंह सुपरवाइजर एवं परिवर्तन दल की टीम उपस्थित रही।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज के जनपद न्यायालय प्रयागराज मे हिंदी दिवस आयोजन संपन्न



**प्रयागराज।** गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज के तत्वाधान में जनपद न्यायालय प्रयागराज मे समय 04. 30 बजे शाम हिंदी दिवस का आयोजन किया गया ' इस कार्यक्रम में माननीय जनपद न्यायाधीश, संतोष राय, पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, राम कुशल व समस्त न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे । इस अवसर पर सुश्री शालिनी एसीजे जेडी- 20, बीके त्रिपाठी सीजे जेडी, श्रीमती रश्मि सिंह पीठासीन अधिकारी एएफसी - 2, श्री अनिरुद्ध कुमार तिवारी ए डीजे द्वारा हिंदी भाषा के महत्व पर चर्चा की गई ' कार्यक्रम का संचालन आलोक दुबे प्रभारी सचिव /अपर जिला जज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज द्वारा किया गया ' यह जानकारी आलोक दुबे प्रभारी सचिव/ ए डीजे, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज द्वारा प्रदान की गई।


## कार्यालय ग्राम पंचायत झीरी लच्छीपुर, राजस्व ग्राम मदरा, वि. ख. करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./कोटेशन/2023-24 **टेण्डर/कोटेशन** दिनांक 14-09-2023

मनरेगा/ पंचम राज्य वित्त/15 वां वित्त/SLWM योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत **झीरी लच्छीपुर, राजस्व ग्राम मदरा** विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन/प्राक्लन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 15-09-2023 से दिनांक 29-09-2023 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं । नियम व शर्तें किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है , तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 30-09-2023 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेण्डर /कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 30-09-2023 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नांकित कार्य पर पर जिस-जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा, जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा, साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा। उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा। उस भुगतान पर भी उक्त नियम व शर्तें लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य में उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | संख्या | योजना | अनुमानित लागत | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सामुदायिक खाद गड्ढा सोकपिट | 5 नग | SLWM | 11125.00 | 2 माह |
| 2. | सामुदायिक नाडेप | 9 नग | SLWM | 49500.00 | 2 माह |
| 3. | सामुदायिक वर्मी कम्पोस्ट | 2 नग | SLWM | 5866.00 | 2 माह |
| 4. | ई-रिक्शा | 1 नग | SLWM | 58000.00 | 2 माह |
| 5. | सामुदायिक एवं संस्थागत सोकपिट | 2 नग | SLWM | 45300.00 | 2 माह |
| 6. | फिल्टर चैम्बर | 1 नग | SLWM | 21000.00 | 2 माह |
| 7. | हैण्डपम्प सोकपिट | 10 नग | SLWM | 149500.00 | 2 माह |

नेब्बू लाल
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत झीरी लच्छीपुर
राजस्व ग्राम मदरा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

कमल सिंह
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत झीरी लच्छीपुर
राजस्व ग्राम मदरा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज



## कार्यालय ग्राम पंचायत झीरी लच्छीपुर, वि. ख. करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./कोटेशन/2023-24 **टेण्डर/कोटेशन** दिनांक 14-09-2023

मनरेगा/ पंचम राज्य वित्त/15 वां वित्त/SLWM योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत **झीरी लच्छीपुर** विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन/प्राक्लन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 15-09-2023 से दिनांक 29-09-2023 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं । नियम व शर्तें किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है , तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 30-09-2023 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेण्डर /कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 30-09-2023 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नांकित कार्य पर पर जिस-जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा, जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा, साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा। उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा। उस भुगतान पर भी उक्त नियम व शर्तें लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य में उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | संख्या | योजना | अनुमानित लागत | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सामुदायिक खाद गड्ढा | 1 नग | SLWM | 2225.00 | 2 माह |
| 2. | सामुदायिक नाडेप कम्पोस्टपिट | 5 नग | SLWM | 27000.00 | 2 माह |
| 3. | सामुदायिक वर्मी कम्पोस्ट | 2 नग | SLWM | 78600.00 | 2 माह |
| 4. | कचरा वाहन | 1 नग | SLWM | 160000.00 | 2 माह |
| 5. | आर0 आर0 सी0 सेन्टर | 1 नग | SLWM | 550000.00 | 2 माह |
| 6. | सामुदायिक रेसीलेटेर | 2 नग | SLWM | 28900.00 | 2 माह |
| 7. | सामुदायिक सोकपिट | 2 नग | SLWM | 45300.00 | 2 माह |
| 8. | फिल्टर चैम्बर | 2 नग | SLWM | 38000.00 | 2 माह |
| 9. | हैण्डपम्प सोकपिट | 6 नग | SLWM | 89700.00 | 2 माह |
| 10. | मलीय कचरा प्रबंधन | 1 नग | SLWM | 6000.00 | 2 माह |

नेब्बू लाल
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत झीरी लच्छीपुर
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

कमल सिंह
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत झीरी लच्छीपुर
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

# मातृभाषा की विशेषता को पूरी दुनिया में पहुॅचने के लिये हिन्दी एकमात्र साधन हैःडीएम

## राजकीय बालिका इण्टर कालेज में डीएम की मौजूदगी में मना हिन्दी दिवस

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** राजकीय बालिका इण्टर कालेज प्रतापगढ़ में हिन्दी दिवस का भव्य कार्यक्रम धूमधाम से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव जी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि हम प्रत्येक वर्ष हिन्दी दिवस 14 सितम्बर को मनाते है। 14 सितम्बर 1949 को संविधान सभा ने निर्णय लिया था कि हिन्दी केन्द्र सरकार के आधिकारिक भाषा होगी। हमारा देश भारत विभिन्नता में एकता का प्रतीक है जिसमें विभिन्न प्रकार की बहुत सारी भाषाएं बोली जाती है। इन्हें सजाकर, सजों कर रखने का काम हिन्दी भाषा करती है। हमें हिन्दी भाषा पर गर्व है, हिन्दी हिन्दुस्तान की शान और नाज है, हम अपने भाव को व्यक्त करने के लिये हिन्दी को सर्वश्रेष्ठ मानते है, विभिन्नता में एकता का माध्यम हिन्दी है। इस अवसर पर उन्होने छात्राओं को जीवन में आगे बढ़ने के मूल मंत्र को भी बताया और कहा कि परिश्रम का कोई विकल्प नही, परिश्रम से हम अपनी मंजिल को पा सकते हैं। इस अवसर पर उन्होने कविता पढ़ी कि ह्यह्यकल शाम हिन्दी ने स्वागत किया उर्दू का इस तरह, अपनी गजल छोड़ गया मेरी कहानी ले गयाह्लह्ल। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने भाषण एवं कवि दरबार प्रस्तुत किया जिसको सुनकर और देखकर जिलाधिकारी ने काफी प्रशंसा की और छात्राओं को पुरस्कार स्वरूप रुपए 5000 दिये। इस अवसर पर कक्षा 10 की छात्रा शगुन विश्वकर्मा ने जिलाधिकारी का चित्र पेंसिल से बनाकर उनको भेंट किया। साहित्यकार राजन शुक्ला ने भी अपनी रचना पढ़ी। इस अवसर पर साहित्यकार और कवियों ने हिन्दी दिवस पर अपने विचार और अपनी रचनायें प्रस्तुत की। जिलाधिकारी ने प्रमुख साहित्यकारों में डा0 दयाराम मौर्य रत्न, आफताब जौनपुरी, डा0 प्रियंका आदि को अंगवस्त्रम से सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा0 दयाराम मौर्य रत्न वरिष्ठ कवि एवं साहित्यकार ने की। कार्यक्रम का संयोजन गरिमा श्रीवास्तव प्रधानाचार्य एवं गीता उप प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इण्टर कालेज ने किया। प्रारम्भ में मुख्य अतिथि का स्वागत जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह, प्रधानाचार्य एवं उप प्रधानाचार्य ने किया और उनको स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर इस अवसर पर मंजू कुशवाहा, प्रियंका सिंह, असमत, सीमा, तबस्सुम, सविता सिंह, श्रुति श्रीवास्तव, उमर जमील, आराधना सरोज, राजेश यादव, अमित श्रीवास्तव, सिद्धार्थ श्रीवास्तव एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन डाक्टर मोहम्मद अनीस ने किया।



डीएम को स्मृति चिन्ह भेट करते प्रधानाचार्या व शिक्षिकाएं।

# हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने की उठी मांग

## हिंदी दिवस पर एलायन्स क्लब ने आयोजित की गोष्ठी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** हिंदी दिवस पर एलायंस क्लब महिला टीम प्रतापगढ़ द्वारा गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर रोशनलाल रहे व अध्यक्षता क्लब की महिला टीम की अध्यक्ष अर्चना खंडेलवाल ने किया।

समाजसेवी रोशनलाल ने कहा कि हिंदी देश के सामाजिक, राजनैतिक भाषाई, समन्वयक और सौहार्द का प्रतीक है। हिंदी विभिन्न भाषाओं के प्रचलित शब्दों को अपने में समाहित करके सही मायने में भारत की संपर्क भाषा होने की भूमिका निभा रही है। रोशनलाल ने कहा कि हिंदी को राष्ट्रभाषा का देश में स्थान मिलना चाहिए। आज बेल्हा में भी कई साहित्यकारों ने भी हिंदी की अलख जगाकर देश में बेल्हा का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं।अध्यक्षता कर रही अर्चना खंडेलवाल ने कहा कि हिंदी ने राष्ट्रीय एकता का मार्ग प्रशस्त किया है। हम सब संकल्प लेते हैं कि हम सब हिंदी भाषा में बोलेंगे व लिखेंगे और जनमानस को जागरुक भी करेंगे। इस अवसर पर संजय खंडेलवाल, छेदीलाल, देवानंद, संतोष कुमार,विवेक यादव,आदर्श कुमार,सुधा अग्रवाल, रेखा उमरवैश्य, पूनम गुप्ता, शकुंतला, मीनू, रश्मि, नीतू, इन्दू, स्मिता आदि उपस्थित रहे।



एलायन्स क्लब की बैठक को सम्बोधित करते अध्यक्ष रोशन लाल।

## हादसे में परिषदीय विद्यालय का शिक्षक घायल

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** लालगंज के हरिप्रकाश यादव प्राथमिक विद्यालय डगरारा में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात हैं। गुरूवार को विद्यालय जाते समय घर के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घायल हो गए। उपचार के लिए उन्हे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# हिन्दी को राष्ट्र भाषा बनाना जरूरी: प्रो. आनन्द सिंह

## मदन मोहन मालवीय पीजी कालेज में भव्य ढंग से मना हिन्दी दिवस

अखंड भारत संदेश

**परियावां प्रतापगढ़।** जनपद प्रतापगढ़ के मदन मोहन मालवीय पी जी कॉलेज कालाकांकर मे हिंदी दिवस के अवसर पर गुरुवार को समारोह पूर्वक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे मुख्यतिथि के रूप मे इलाहाबाद् केंद्रीय विश्व विद्यालय प्रयागराज के संघटक महाविद्यालय ईश्वर शरण स्नातकोत्तर प्रयागराज के प्राचार्य प्रो आंनद सिंह रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती के छाया चित्र पर माल्यापर्ण के साथ हुआ। छात्र छात्राओं ने स्वागत गीत के साथ हिंदी भाषा से संबंधित भाषण व कविता प्रस्तुत किया।

मुख्यातिथि प्राचार्य प्रो आनंदशंकर सिंह ने कहा कि हमे अपनी मातृ भाषा हिंदी व संस्कृत को कभी भूलना नही चाहिए।भाषा की शुद्धता की जगह भाव पर ध्यान देना चाहिए।प्रो सिंह ने कई प्रेरणा स्पद व सँस्करण सुनाये। इस अवसर पर कालेज के प्राचार्य प्रो शिवम श्रीवास्तव ने कहा कि हमे अपनी हिंदी भाषा का उपयोग तकनीकी कंप्यूटर साफ्टवेयर पर जोर देना चाहिए विश्व मे हिंदी भाषा की बोली प्रचलित है।हमे सभी का सम्मान करते हुए हिंदी को राष्ट्र भाषा के रूप मे स्वीकार करना चाहिए। कार्यक्रम का प्रभाव पूर्ण संचालन श्रेस्टी कुशवाहा व धन्यवाद ज्ञापन प्रो सूर्यभान सिंह ने किया।जिसमे प्रो रेखा सिंह ,प्रो उग्रसेन सिंह, प्रो रामकरन, प्रो प्रदीप सिंह,सर्वेश सिंह, भूपेश सिंह,डा ज्योति गुप्ता, प्रो डी सी आंनद,आदि छात्र छात्राएं मौजूद रही।



मुख्य अतिथि आनन्द सिंह को सम्मानित करते प्राचार्य एवं शिक्षक।

# हिन्दी है हम वतन है हिन्दुस्तान हमारा

## न्यू एन्जिल्स सी.से. स्कूल में बच्चो ने कविता व भाषण में दिखाई अपनी प्रतिभा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** हिन्दी दिवस पर न्यू एन्जिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में छात्र छात्राओ ने कविता और भाषण के माध्यम से अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। छात्र छात्राओ की एक सेक कविता लोगो को ताली बजाने के लिए मजबूर कर रही थी। वही स्कूल के चेयरपर्सन डा. शाहिद ने हिन्दी है हम वतन है हिन्दुस्तान हमारा कहकर बच्चो को प्रोत्साहित किया। प्रारम्भ में हिन्दी दिवस कार्यक्रम शुभारम्भ सरस्वती पूजन से हुआ तत्पश्चात हिन्दी दिवस कार्यक्रम आरम्भ हुआ और छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। छात्रा राशि कक्षा 10 ने स्वरचित रचना लीक से हटकर चलने वाली नारी की मैं क्यों न करूँ पूजा, आदित्य मिश्रा कक्षा 11 के छात्र ने स्वरचित वीर रस की कविता सुनाई। अनन्या सिंह कक्षा 10 ने एक बच्चे की बेचैनी को बस माँ ही समझती है स्व रचित रचना सुनाई। नैना श्रीवास्तव कक्षा 8 ने ष्एक बार फिर वापस आ जाओ न पापा स्व रचित कविता सुनाकर सबकी आँखें नम कर दीं। लक्ष्मी सिंह कक्षा 7 ने ष्क्योंकि हम हिन्दी बोलने में शमार्ते हैं। आरोही कक्षा 7 ने सूरज जैसा बनना है तो सूरज जैसा तपना होगा प्रवीन तिवारी कक्षा 9 ने दे दे हिन्दुस्तान हमारा दे दे हिन्दुस्तान। आयुषी शुक्ला कक्षा 7 ने प्रश्न बड़ा है मौन खड़ा है परी कक्षा 7 ने आओ हम सब मिलकर हिन्दी दिवस मनाएं। तृषा यादव कक्षा 10 नेष्हो क्यों इतने व्याकुल क्या मन में मैल भरा है श्रेया तिवारी कक्षा 10 ने हास्य कविता सुनाकर सबको हंसाकर लोटपोट कर दिया। पहले पल्ला पकड़ते हो जब हाथ से निकल जाये तो हल्ला करते होष प्रतीक्षा वर्मा कक्षा 11 ने मेरें मन के मन्दिर में माँ की मूरत रहती है।

अंशिका कक्षा 10 ने कन्या भ्रूण हत्या पर सुन्दर गीत मत मारो मैया मुझको भी जनम दे दो इसके अतिरिक्त वैष्णवी जायसवाल, अलफिया, शौर्य प्रताप सिंह, आयुषी, रक्षा, मन्तशा हाशमी, अनवी तिवरी, श्रेया पाण्डे, दीपिका सिंह, प्रियांशी सिंह, अमिता मिश्रा, अनुश्री पाण्डे, गर्विता सिंह , आस्था साहनी, दिव्य प्रताप सिंह, आदर्श मौर्या, अंकिता शुक्ला, आर्या त्रिपाठी आदि ने सुन्दर कविता पाठ प्रस्तुत किया जबकि हमारी राष्ट्रभाषा हिन्दी पर उत्कर्ष रमन, हर्ष तिवारी, वंश त्रिपाठी, देवांश मिश्रा आदि ने अपने भाषण के द्वारा हिन्दीको परवान चढ़ाने की। कार्यक्रम में श्री राजेन्द्र कुमार मिश्रा, श्रीमती पूनम श्रीवास्तव, श्रीमती सुमन सिंह, श्रीमती रेखा शुक्ला, श्रीमती प्रिया श्रीवास्तव, श्रेया त्रिपाठी आदि अध्यापकों ने सहभाग किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती नेहा खण्डेलवाल द्वारा किया गया।



न्यू एन्जिल्स सी.से. स्कूल में काव्य पाठ करती छात्रा।

# हापुड़ की घटना को लेकर वकीलो ने प्रदेश सरकार का पुतला फूंका

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जूनियर बार एसोसिएशन पुरातन प्रतापगढ़ के कार्यालय पर पदाधिकारी एवं अधिवक्ताओं की एक आवश्यक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता इंदुभाल मिश्रा व संचालन महामंत्री संतोष नारायण मिश्रा ने किया। बैठक में बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के आह्वान पर विचार करते हुए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आज दिनांक 14 सितम्बर को जनपद के अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहकर विरोध प्रदर्शन किया। और उत्तर प्रदेश सरकार से यह भी मांग गई कि हापुड़ घटना में दोषी पुलिसकर्मियों एवं सम्बंधित अधिकारियों को तत्काल निलंबित करते हुए उन सभी पर विधिक कार्यवाही एवं गिरफ्तारी की जाय। विरोध प्रदर्शन करके अधिवक्ताओं द्वारा रजिस्ट्री ऑफिस के सामने धरना प्रदर्शन कर प्रदेश सरकार का पुतला फूंका। बैठक व पुतला दहन में में जूनियर बार के , उपाध्यक्ष सर्वेश कुमार शुक्ल, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार पांडे, प्रकाशन मंत्री अजय त्रिपाठी सदस्य कार्यकारिणीगण ममता पांडे, संजय कुमार मिश्र, नीरज ओझा, महेश चंद्र यादव व अधिवक्तागण दिनेश पांडे,शिशिर शुक्ला, रजनी कांत मिश्र, सुरेन्द्र पाण्डे अरुण पांडे मुकेश ओझा राहुल रक्षक मोहम्मद सलीम अशोक पटेल रजनीकांत मिश्रा सहित सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।



कचहरी में प्रदेश सरकार का पुतला फूंकते अधिवक्ता।

## इंजेक्शन लगवाने आई मासूम बालिका करंट से झुलसी

**लालगंज प्रतापगढ़।** एंटी रैबीज का इंजेक्शन लगवाने आई बालिका करंट की चपेट में आने से झुलस गई। लालगंज कोतवाली के पूरे तिलकराम निवासी धर्मेंद्र सरोज की आठ वर्षीय बेटी यामी लालगंज सीएचसी में एंटी रैबीज का इंजेक्शन लगवाने आए थे। इंजेक्शन लगवाने के बाद वह अस्पताल के सामने पार्क में खेल रही थी। इस दौरान विद्युत पोल के स्टे वायर में उतरे करंट की चपेट में आने से झुलस गई। आनन फानन में उसे ट्रामा सेंटर पहुंचाया गया। जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई गयी है।

# लाठीचार्ज के विरोध में अधिवक्ताओं ने निकाली सरकार की शव यात्रा, पुतला फूंक कर जताया विरोध

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में गुरूवार को लालगंज में साथियों ने जमकर हंगामा काटा। संयुक्त अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष लाल विनोद प्रताप सिंह व महामंत्री धीरेन्द्र शुक्ल के संयोजन में बार काउंसिल के आह्वान पर अधिवक्ताओं ने सरकार की शव यात्रा निकाली। शव यात्रा निकालने के बाद अधिवक्ताओं ने सरकार विरोधी नारे लगाते हुए पुतला भी फूंका। अधिवक्ताओं ने साफ कहा कि हापुड़ के जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को हटाए बिना आन्दोलन ठप नही होगा। अधिवक्ताओं ने कहा कि सरकार की मनमानी के चलते पीड़ित अधिवक्ताओं को तब तक नही मिल सकेगा जब तक वहां से डीएम व एसपी हटाए नही जाएगें।

इस मौके पर पूर्व महामंत्री संदीप सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष संतोष पांडेय, विपिन शुक्ला, राजेश तिवारी, दीपेन्द्र तिवारी, उदयराज पाल, टीपी यादव, अनिल यादव, शैलेन्द्र सिंह, प्रमोद सिंह, धर्मराज सरोज, सुधाकर मिश्रा, प्रदीप वर्मा, ललित गौड़, अरूण मिश्रा, प्रवीण यादव, विमल यादव, हरीशचन्द्र पांडेय, जयवीर सिंह, विजय पांडेय, शनि विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

## घर से नगदी व जेवर चोरी, गांव के युवक पर चोरी का लगाया आरोप

**लालगंज प्रतापगढ़।** सांगीपुर थाना क्षेत्र के नौगीर निवासी प्रवीण कुमार यादव पेशे से अधिवक्ता हैं। पुलिस को दी गई तहरीर में उन्होने कहा है कि बुधवार की रात को वह अपने घर में सो रहा था। आधी रात के बाद वह लघुशंका के लिए बाहर गए, वापस लौटते समय एक युवक को संदिग्ध परिस्थिति में देख उन्होने दबोच लिया। बाद में आरोपी धक्का देकर भाग निकला। घर के भीतर जाकर देखा तो जेवरात व नगदी गायब मिले। सांगीपुर एसओ मनोज कुमार यादव ने कहा कि शिकायत पर मामले की जांच की जा रही है। मुकदमा दर्ज कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नई शिक्षा नीति पर संगोष्ठी संपन्न

अखंड भारत संदेश

**पट्टी प्रतापगढ़।** पट्टी नगर स्थित स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरुवार को कला और संस्कृति के क्षेत्र में रोजगार के अवसर पर डॉक्टर शिवानी मातनहेलिया ने अपने उद्बोधन में लोगों को संबोधित किया और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की संगोष्ठी संपन्न हुई ।

कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता डॉक्टर शिवानी मातनहेलियां ने कहा कि आज का युग यदि नौकरी का सपना देखना छोड़कर अपने आसपास के कला और संस्कृति में रोजगार ढूंढा जाए तो 30 दिन में 1 लख रुपए कमाने वाले व्यक्ति भी पैसा कमा रहे हैं, उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार कला और संस्कृति के क्षेत्र में अनुदान भी कर रही है डॉक्टर अखिलेश पांडे ने कहा कि रोजगार की एक बड़ी चुनौती युवाओं के सामने है लेकिन खुद को तरसना और हुनरबंद बनाना भी युवाओं के लिए बहुत ही जरूरी है कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉक्टर अनिल यादव डॉक्टर के पी सिंह डॉक्टर आरबीआई अग्रहरि दिलीप सिंह सुनील मिश्रा रागनी सोनकर आदि लोग मौजूद रहे।

## साड़ से टकरा कर बाईक सवार की उपचार के दौरान मौत

**परियावां प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के छत्ता का पुरवा झुकवारा निवासी अर्जुन वर्मा मंगलवार को बाईक से किसी काम से ऊंचाहार जा रहा था कि अरखा के निकट आवारा पशु सांड से टकरा गया जिससे सिर मे गंभीर चोट आ गई जिसे मौके पर पहुँचे परिजन व पुलिस इम्बुलेंस से जिला अस्पताल रायबरेली ले गये जहा उपचार के दौरान बुधवार को मौत हो गयी मौत की खबर मिलते ही परिजनों मे कोहराम मच गया।

# संस्कार ग्लोबल स्कूल में बच्चों ने प्रस्तुतियों से हिन्दी के प्रति किया जागरूक

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** संस्कार ग्लोबल स्कूल टेउंगा में हिंदी दिवस पर गुरुवार को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से छात्र - छात्राओं ने हिंदी के प्रति जागरूक किया।

शिक्षा के लिए मोबाइल फोन का इस्तेमाल जरूरी है या नहीं विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता हुई। जिसमें पक्ष और विपक्ष में पक्ष विजेता रहा। प्रकाश त्रिपाठी, संतोष पांडेय, क्षमा सिंह निर्णायक रहे। संयोजन सुधा सिंह व संचालन इशिका जायसवाल ने किया। कक्षा एक से 12 तक के छात्र - छात्राओं के बीच बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, विज्ञान वरदान या अभिशाप पर निबंध प्रतियोगिता। विद्यालय के पुस्तकालय में हिंदी की पुस्तकें मंगवाने के लिए संस्था प्रमुख को पत्र जैसे विषयों पर पत्र लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसके अलावा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से छात्र - छात्राओं ने हिंदी के प्रति जागरूक किया। प्रधानाचार्य समीना अख्तर ने हिंदी के महत्व को विस्तार से रखा। विभाग की प्रमुख संध्या शुक्ला ने कहा कि हिंदी ह्रदय की भाषा है। हिंदी आत्मीयता का बोध कराती है। अविनाश सिंह,जगदीश त्रिपाठी, प्रवीण मौर्य,गुंजन सिन्हा,दया पुष्पजीवी, विकास सिंह,अजय त्रिपाठी, विनोद मौर्य,शिवम त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे ।

## मेरी मिट्टी मेरा देश के तहत भाजपाईयों ने घर घर जुटाए अक्षत, ग्रामीणों संघ निकाली तिरंगा यात्रा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** लक्ष्मणपुर विकासखंड के शिवबोझ में मेरी मिट्टी मेरा देश व आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर भाजपाईयों ने विविध कार्यक्रम आयोजित किए। मुख्य अतिथि भाजपा नेता व ब्लाक प्रमुख डॉ. राकेश सिंह ने शारदा विद्यालय में पंच प्रण प्रतिज्ञा दिलाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इसके पश्चात घर घर से मिट्टी व अक्षत जुटाया गया। ग्रामीणों ने वन्दे मातरम व भारत माता के जयकारे लगाते हुए तिरंगा यात्रा भी निकाली। ब्लाक प्रमुख डॉ. राकेश सिंह के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा लक्ष्मणपुर बाजार से शिवबोझ, धनई का पुरवा होते हुए वापस आयोजन स्थल तक पहुंची। कार्यक्रम के संयोजक प्रधान बिन्दुलता शुक्ला ने अतिथियों व ग्रामीणों के प्रति आभार जताया। इस मौके पर वन्दना मिश्रा, शम्भूनाथ पांडेय, जयभगवान पांडेय, रोशन मिश्रा, सुरेश शुक्ला, अमित शुक्ला, दिनेश उपाध्याय, शिवम मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के सहयोग से आज लगेगा जीएसटी कैम्प

### व्यापारी रजिस्ट्रेशन कराने के लिए सुविधाः राजेन्द्र केसरवानी

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार केसरवानी के तत्वाधान में वाणिज्य कर डिप्टी कमिश्नर राम भवन व उनके अन्य विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा व्यापारियों के हित और सुविधा हेतु जीएसटी रजिस्ट्रेशन का निशुल्क-कैंप दिनांक 15 सितंबर, दिन शुक्रवार को दिन में 11रू30 बजे से सायं 3 बजे तक रजत सेलिब्रिटीज मैरेज हाल (जी जी आई सी के पीछे) में आयोजित किया गया है।

निशुल्क जीएसटी रजिस्ट्रेशन कैंप में विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा जी एस टी नियमों के सरलीकरण और रजिस्ट्रेशन से राष्ट्र तथा व्यापारियों को होने वाले लाभों से अवगत कराया जाएगा।

## दुष्कर्म में वांछित आरोपी को पुलिस ने दबोच कर भेजा जेल

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** दुष्कर्म के आरोपी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। लालगंज के जेंवई बभनपुर निवासी रोशन गौतम पुत्र अवधेश गौतम दुष्कर्म के एक मामले में वांछित चल रहा था। मुखबिर की सूचना पर चैकी प्रभारी रानीगंज कैथौला योगेन्द्र सिंह ने गुरूवार को जेंवई गांव के समीप से उसे धर दबोचा। पूंछतांछ के बाद पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया। योगेन्द्र सिंह ने बताया कि आरोपी को दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार किया गया है।

## हिन्दी दिवस पर छात्रों को बताई गई हिन्दी साहित्य की महत्ता

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हिन्दी दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. अमित सिंह ने हिन्दी की दशा व दिशा पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि संस्थान के निदेशक डॉ. संदीप मिश्रा ने हिन्दी के महत्व पर छात्रों व शिक्षकों से विचार विमर्श किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अम्बिकेश त्रिपाठी ने किया। उन्होने हिन्दी को मां भारती के भाल की बिन्दी करार दिया। इस मौके पर डॉ. रजनीश, डॉ. रजनी सिंह, निवेदिता, विकास विश्वकर्मा, धर्मेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### अन्य पिछड़े वर्ग के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी अनुदान योजना का ऑनलाइन आवेदन आमन्त्रित

**कौशाम्बी।** अन्य पिछड़े वर्ग अल्प संख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी अनुदान योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले पात्र लोग वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकतें हैं। यह जानकारी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अश्विनी कुमार ने देते हुए बताया कि अन्य पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर में आने वाले आवेदक ही अपने आवेदन सबमिट कर सकेंगे, जिनकी पुष्टि पोर्टल के माध्यम से की जायेंगी। यदि वर की आयु 21 से कम है या बेटी की आयु विवाह की तारीख के आधार पर 18 से कम है, तो आवेदक अपने आवेदन सबमिट नहीं कर सकेंगे। (आधार में अंकित जन्मतिथि और विवाह की तारीख के आधार पर उम्र गणना पोर्टल पर स्वतः हो जायेंगी) इसी प्रकार आय प्रमाण पत्र संख्या के आधार पर पोर्टल से आवेदकां की वार्षिक आय की गणना होगी। यदि उनकी आय गरीबी रेखा सीमा से अधिक है, तो वे अपने आवेदन सबमिट नही कर सकेंगे।

# विरोध प्रदर्शन कर अधिवक्ताओं ने फूंका पुतला

## हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुए लाठी चार्ज के विरोध में न्यायिक कार्य से विरत रहकर अधिवक्ताओं ने किया धरना प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

**चायल कौशाम्बी।** बीते दिनों हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुई लाठीचार्ज की घटना से लगातार मांगो को लेकर कई दिनों से अधिवक्ता हड़ताल पर रहकर प्रदर्शन कर रहे है सरकार द्वारा कोई ठोस निर्णय न किए जाने से अधिवक्ताओं का आक्रोश दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है और गुरुवार को चायल तहसील के आक्रोशित अधिवक्ताओं ने प्रदेश के मुख्यमंत्री और दोनों उपमुख्यमंत्री का पुतला फूककर विरोध प्रदर्शन किया है। बार काउंसिल के आवाहन पर अधिवक्ता लगातार विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंप कर हापुड़ की घटना में दोषी पुलिस कर्मचारियों अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग कर रहे हैं लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद कोई नतीजा नहीं निकला जिससे अधिवक्ताओं का आक्रोश बढ़ता जा रहा है गुरुवार को तहसील परिसर में न्यायिक कार्य से विरत रहकर अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर प्रदेश के मुख्यमंत्री और दोनों उपमुख्यमंत्री का पुतला दहन किया है इस मौके पर चायल बार एसोसिएशन कोषाध्यक्ष अजीत सिंह, महामंत्री राजेश्वर सिंह, घनश्याम कुमार, अजीत कुमार पटेल, विनय कुमार आदि तमाम अधिवक्तागण की मौजूदगी में पुतला दहन किया गया।



## हापुड़ घटना में न्याय न मिलने पर नर नारायण मिश्रा अधिवक्ता ने शुरू किया भूख हड़ताल

**कौशांबी।** हापुड़ जनपद में बेकसूर अधिवक्ताओं पर पुलिस ने जुल्म ज्यादती अत्याचार की हद पार कर लाठियां बरसाई थी जिससे कई अधिवक्ता लहूलुहान हुए थे मामले को लेकर पूरे प्रदेश के अधिवक्ता आक्रोशित हैं और लगातार न्यायिक कार्य से विरत रहकर धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौप कर अपनी बात रख रहे हैं लेकिन शांतिपूर्ण तरीके से धरना प्रदर्शन करने वाले अधिवक्ताओं की आवाज उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के कानों तक नहीं पहुंची जिससे अधिवक्ताओं का आक्रोश दिनों दिन बढ़ता जा रहा है अब अधिवक्ताओं ने सरकार का पुतला




दहन भी शुरू कर दिया है मॉडल डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता नर नारायण मिश्र ने 14 सितंबर से आमरण अनशन किए जाने की चेतावनी दी थी लेकिन हापुड़ घटना में किसी प्रकार का समाधान न होने के बाद वरिष्ठ अधिवक्ता नर नारायण मिश्र ने जनपद कचहरी परिसर में गुरुवार 14 सितंबर से आमरण अनशन भूख हड़ताल शुरू कर दी है उन्होंने कहा कि जब तक हापुड़ की घटना में दोषी पुलिस अधिकारियों और पुलिस जनों को दंडित नहीं किया जाता है तब तक उनका आमरण अनशन निरंतर चलता रहेगा कचहरी परिसर में अधिवक्ताओं ने सभा कर विरोध प्रदर्शन किया है और हापुड़ घटना के विरोध में अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे।

## हिंदी मात्र एक भाषा ही नहीं है बल्कि हिंदुस्तान की पहचान भी है हिंदी : प्राचार्य

भवन्स मेहता महाविद्यालय भरवारी में हिंदी दिवस पर आयोजित किया गया कार्यक्रम



**भरवारी कौशाम्बी।** भवन्स मेहता महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना और हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में "हिंदी दिवस" के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर सर्वप्रथम कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर प्रबोध श्रीवास्तव ने सबको हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए हिंदी के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पक्ष पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हिंदी मात्र एक भाषा ही नहीं है बल्कि हिंदी हिंदुस्तान की पहचान भी है। ये सच है कि हिंदी भाषा अभी भी अन्य दूसरी भाषाओं से बहुत पीछे है लेकिन इसके बावजूद हिंदी भाषा ने पूरी दुनिया में हिंदुस्तान को एक अलग पहचान दिलाई है। आज विदेशी नागरिक भी हिंदी सीखना, पढ़ना, लिखना और बोलना पसंद करते हैं। भारत ही नहीं बल्कि भारत के बाहर के लोगों में भी हिंदी के प्रति एक नई रुचि जागृत हुई है। इसके उपरांत उन्होंने सभी बच्चों से कहा कि आप प्रतिदिन पांच से दस शब्द याद करें और लेखन करें,इससे आपकी भाषा के साथ साथ लेखन भी सुधरेगा। कार्यक्रम में इतिहास के विभागाध्यक्ष डॉ0 मोहम्मद आदिल ने हिंदी के ऐतिहासिक पक्ष पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए अमीर खुसरो के हिंदी भाषा के योगदान पर चर्चा की।कार्यक्रम में आगे समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ0 सतीशचन्द्र तिवारी ने हिंदी भाषा के प्रति सरकार और आमजनमानस की उदासीनता पर असंतोष प्रकट करते हुए कहा कि ये किसी ने नही सोचा था कि आज भाषा की ये दुर्गति होगी।हम लोगों को आज प्रण लेना चाहिए कि हम लोग अपने राष्ट्रभाषा के प्रचार प्रसार के लिए तन ,मन और धन से लगेंगे।इसके उपरांत अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर श्वेता ने वर्तमान समय में राष्ट्रभाषा की प्रासंगिकता पर अपने विचार प्रस्तुत किया।आगे रसायन विभाग की डॉ0 नीति मिश्रा ने हिंदी की स्वीकार्यता पर अपने विचार प्रस्तुत किया।कार्यक्रम को श्री राहुल राय,श्री दीपक कुमार,प्रोफेसर विमलेश कुमार सिंह यादव ने भी संबोधित किया।कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 धर्मेंद्र कुमार अग्रहरी ने किया।इस अवसर पर बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक सहभगिता की।

## हिंदी दिवस पर भवन्स मेहता विद्याश्रम में निबंध प्रतियोगिता का अयोजन



**भरवारी कौशाम्बी।** संविधान सभा ने 14 सितंबर, 1949 को देवनागरी लिपि में लिखी हिंदी को भारत की आधिकारिक भाषा के तौर पर स्वीकार किया था।तभी से हर वर्ष 14 सितंबर हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाने लगा।आधिकारिक तौर पर पहला हिंदी दिवस 14 सितंबर, 1953 को मनाया गया था। हिंदी दिवस के अवसर पर 14/09/2023 को भवन्स मेहता विद्याश्रम,भरवारी में हिंदी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन'हमारे जीवन में हिंदी भाषा का महत्व' विषय में किया गया जिसमें कक्षा 3 से कक्षा 12 तक के समस्त विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया।इसी क्रम में प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों ने हिंदी में कविता के माध्यम से हिंदी के स्लोगन लिखे एवम सामूहिक कविता का गायन भी किया। एलकेजी व यूकेजी के बच्चों ने भी हिंदी की कविता सुनाकर हिंदी दिवस मनाया। प्रधानाचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव ने समस्त अभिभावकों व बच्चों को हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी है।हिंदी दिवस के इस अवसर पर प्राथमिक,जूनियर एवं सीनियर वर्ग के हिंदी शिक्षकों ने क्रमशः हिंदी दिवस की बधाई देते हुए अपने-अपने वक्तव्य छात्रों के सामने प्रस्तुत किए एवं बच्चों को हिंदी के महत्व और उसकी आवश्यकता के बारे में बताते हुए हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दी।

## सैयद सरावा में ग्राम अदालत का हुआ आयोजन



**कौशांबी।** चकबंदी विभाग की ओर से चायल तहसील के सैयद सरावा गांव में 14 सितंबर को विशेष ग्राम अदालत का आयोजन कर चकबंदी से संबंधित समस्याओं का समाधान उप संचालक चकबंदी की अध्यक्षता में बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी द्वारा किया गया है बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी द्वारा दो वाद का निस्तारण किया गया है और चकबंदी अधिकारी द्वारा 53 वाद का निस्तारण किया गया है ग्राम अदालत में किसानों के चकबंदी विवाद का निस्तारण ग्राम अदालत में किए जाने से किसानों को विशेष सुविधाएं मिली है इस चकबन्दी ग्राम अदालत में डीडीसी मधुसूदन दुबे एसओसी राजकुमार सीओ मिथिलेश कुमार सहित तमाम किसान उपस्थित रहे।

## लापरवाही में एक शिक्षक को किया निलंबित, दर्जनों का कटा वेतन

**ब्लाक अध्यक्ष सहित 14 टीचर नदारत बीएसए ने एक दिन के वेतन काटने का दिया निर्देश**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** परिषदीय विद्यालयों में सघन निरीक्षण में सिराथू ब्लाक अध्यक्ष सहित एक दर्जन शिक्षक नदारत मिले है। बीएसए कमलेंद्र कुमार कुशवाहा ने निरीक्षण में नदारत शिक्षकों का एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया है। साथ ही तेजवापुर प्रधानाध्यापक को निलंबित कर दिया है। बीएसए की कार्रवाई से लापरवाह शिक्षकों में खलबली मची हुई है। शिक्षा महानिदेशक विजय किरण आनन्द के निर्देश पर बुधवार को जिले के परिषदीय विद्यालयों में संघन निरीक्षण अभियान चलाया गया है। अभियान के तहत बीईओ जवाहर यादव प्राथमिक विद्यालय उदिहिन खुर्द पहुंचे। विद्यालय में प्रधानाध्यापक ईश्वर शरण, सहायक अध्यापक मदीना सिद्दीकी, मनीषा मिश्रा नदारत मिले। पूछताछ करने पर पता चला कि आएदिन विद्यालय से नदारत रहते है। इस तरह लापरवाही में तेजवापुर प्रधानाध्यापक राजेश सिंह को बीएसए ने निलंबित कर दिया है। फाजिलपुर प्राथमिक विद्यालय में शिक्षामित्र सारस्वत प्रवीण नदारत थे। इस तरह सरसवां ब्लाक में भी कई टीचर नदारत मिले है। नदारत शिक्षकों पर बीएसए ने एक एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया है।

### नेट की परीक्षा में मिली खामियां

**कौशाम्बी।** आधा दर्जन परिषदीय विद्यालयों में नेट की परीक्षा चल रही है। बीएसए कमलेंद्र कुमार कुशवाहा ने सभी विद्यालय का जायजा लिया। इसमे कुछ खामियां दिखी जिसे बीएसए ने सुधारने का निर्देश दिया है।

## रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के सभी संस्थाओं में मनाया गया हिंदी दिवस

**संस्थान की डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार ने हिंदी दिवस पर कहा कि हिंदी भारत की सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है**

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** भरवारी स्थित के .पी. एस.एन. डी .कॉन्वेंट एवम के .पी .एस .भींटी महगांव में आज 14 सितंबर को हिंदी दिवस बड़े धूम धाम से मनाया गया।इस मुख्य अवसर पर रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंटीट्यूशन के सभी संस्थानों में एक पर्व की तरह इसको मनाया गया। जिसमे मुख्य तौर पर अंतर्विद्यालयी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमे चित्रकला, लोकनृत्य, संभाषण, की प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। संभाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सेजल केशरवानी,(11) एन डी कॉन्वेंट, एवम द्वितीय स्थान पर प्रबल प्रताप सिंह (12) के पी एस भरवारी एवम तृतीय स्थान पर कृतिका कौशल (11) ने प्राप्त किया।वहीं लोकनृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कीर्ति जैन(12) के पी एस भरवारी,द्वितीय स्थान पर अमीषा सिंह(9) के पी एस भरवारी एवम तृतीय स्थान पर यशस्वी शुक्ला (10) भीटी महगाँव रहीं।वहीं चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आयुष्मान (12) के पी एस भरवारी एवम द्वितीय स्थान पर आयुषी केशरवानी(11) एन डी कॉन्वेंट भरवारी एवम तृतीय स्थान पर भव्या साहू (10) के पी एस भींटी ने प्राप्त किया। संस्थान की डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार ने हिंदी दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए अपने संदेश में कहा कि हिंदी भारत की सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है ।आम बोलचाल के लिए हिंदी सबसे ज्यादा इस्तेमाल की जाती है ।और हिंदी दुनिया में तीसरी सबसे ज्यादा बोले जाने वाली भाषा है ।इस भाषा को 14 सितंबर 1949 में देश की आधिकारिक भाषा घोषित किया गया। यह एक फारसी शब्द है जो की हिंद से लिया गया है जिसका मतलब सिंधु नदी का भूमि होता है।इस कार्यक्रम में रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के डिप्टी डायरेक्टर मयंक कुमार मिश्रा एवं निर्णायक के भूमिका में रजत राम प्रहलाद कुमार राजभर श्रीमती सुमन कुशवाहा मौजूद रहे।एवं इस कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के कोऑर्डिनेटर श्री नारायण तिवारी एवं सौरभ सिंह ने किया।

## पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष चौरसिया महासभा का संगठन के पदाधिकारियों ने किया स्वागत

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** अखिल भारतीय आदर्श चौरसिया महा सभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश लख्खू राम चौरसिया के कौशाम्बी आगमन पर संगठन के पदाधिकारियों ने इंद्र वाटिका गेस्ट हाउस करारी में जिलाध्यक्ष झल्लर प्रसाद चौरसिया के नेतृत्व में जोरदार स्वागत अभिनन्दन किया। इस अवसर पर एक बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय प्रचार मंत्री अर्जुन प्रसाद व संचालन जिलाध्यक्ष झल्लर चौरसिया ने किया।इस बैठक में प्रदेश महामंत्री भोला चौरसिया ने कहा कि जिस प्रकार एक पुष्प गले का हार नहीं बन सकता उसी तरह विखरा हुआ समाज भी कही सम्मान नही पाता, इस लिये हमें एकता के सूत्र में संगठित होना होगा,तभी हम अपने लक्ष्य में कामयाब हो पायेंगे। अपने सम्बोधन में राष्ट्रीय प्रचार मंत्री अर्जुन प्रसाद ने कहा कि सामाजिक एकता के बिना हमारे समाज का कोई वाजूद नही है अगर हमे आगे बढ़ना है तो एक मात्र रास्ता हमे एकता के माला जैसे पिरोना होगा।बैठक को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि आज संगठन के सहारे हमारा समाज पूरे देश मे चौरसिया समाज की एकता, विकास, राजनीतिक चेतना, कौशल विकास के मध्यम से समाज के लोगों को रोजगारमुख बनाने का कार्य किया जा रहा है जिसमें काफी हद तक हम सफल रहे है हमारी निरंतर कोशिश रहती है कि समाज की जो भी योजनाए बने संगठन के मध्यम से समाज के अंतिम पायदान पर बैठे लोगों तक पहुंच सके जिससे वह भी तरक्की कर समाज के लिएयोगदान दे सके।उन्होंने कहा कि कौशाम्बी मेरी मातृ भुमि है यहाँ के लोगों से मुझे अगाध लगाव है जिले का संगठन जो भी योजनाए बनाये गा उसमे मै सभी प्रकार के योगदान देने के लिये तैयार हूँ कौशाम्बी संगठन के पदाधिकारीगण व समाज के लोग देश मे चौरसिया समाज के लिए मिसाल कायम करें यही मेरी कामना है यही मेरे लिए गौरव का दिन होगा।इस अवसर पर राकेश,गंगा प्रसाद, रामस्वरूप, संजीव, कामता प्रसाद, श्री चन्द, रामसुमेर, बालक, छोटे लाल,वीरेंद्र चौरसिया सहित पदाधिकारीगण व समाज के लोग मौजूद रहे।

## जगन्नाथ स्वामी-मां कर्मा देवी साहू समाज जन जागृति रथयात्रा पहुंची कौशाम्बी

**रामप्रकाश साहू जिलाध्यक्ष ने किया स्वागत, 25 नवंबर को लखनऊ में आयोजित होगा तैलिक साहू राठौर महासभा का भव्य महासम्मेलन**

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश में भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा की रथयात्रा बुधवार को कौशाम्बी पहुंची। साहू समाज के कार्यकताओं ने रथयात्रा का भव्य स्वागत किया रथयात्रा की शुरूआत झांसी से होते हुए बुधवार को कौशाम्बी जनपद पहुंची है जहां एक कार्यक्रम में समाज को जागरूकता और एकता का संदेश देते हुए लखनऊ में आयोजित रैली को सफल बनाने की अपील की गई हैकौशाम्बी के अझुआ नगर पंचायत में शेष कुमार साहू ने समर्थकों के साथ रैली का स्वागत किया जैसे ही रैली सैनी चौराहा पर पहुँची विरेन्द्र कुमार साहू उर्फ विक्की साहू ने समर्थकों के साथ रैली का जोरदार स्वागत किया धीरे-धीरे रैली आगे बढ़ती रही और सिराथू के पतौना चौराहा पर पहुँची जहाँ योगेन्द्र साहू ने रैली का जोरदार तरीके से स्वागत किया मंझनपुर चौराहा पर मनीष साहू ने स्वागत किया इसके बाद चायल के तिल्हापुर मोड़ आर.पी. गेस्ट हाउस कोटिया में रैली पहुंची रैली के पहुंचते ही रामप्रकाश साहू जिलाध्यक्ष की अगुवाई में समाज के तमाम लोगो ने रथयात्रा का भव्य स्वागत किया इस मौके पर जिलाध्यक्ष रामप्रकाश साहू प्रधान ने रथयात्रा के सभी पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर स्वागत किया बताते चलें कि जगदीश प्रसाद साहू के नेतृत्व में प्रदेश भर के 75 जिलों में रथयात्रा भव्य तरीके से निकाली जा रही है। जगदीश प्रसाद साहू ने बताया कि यह रथयात्रा अपने समाज के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इससे समाज के लोग जागरूक और संगठित होंगे उन्होंने कहा कि लखनऊ में 25 नवंबर को महासम्मेलन होने जा रहा है, उसमें सभी लोग बड़ी संख्या में पहुंच कर कार्यक्रम के महारैली को सफल बनाएं जिससे समाज के लोगों को राजनीतिक दल पार्टियों में ज्यादा से ज्यादा भागीदारी मिले। रथयात्रा के स्वागत में रमाशंकर साहू युवा प्रदेश अध्यक्ष, नरेन्द्र साहू प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष, रामप्रकाश साहू जिलाध्यक्ष कौशाम्बी, ईश्वर दीन साहू पत्रकार साहू एकता मंच मीडिया प्रभारी कौशाम्बी, कन्हैया साहू युवा प्रदेश मंत्री,गणेश साहू पत्रकार अमृत लाल साहू बैगवां साहू सामूहिक विवाह प्रकोष्ठ अध्यक्ष, एडवोकेट विजय कुमार साहू, भोला साहू, आकाश साहू, रामबाबू साहू, एडवोकेट मनोज साहू, प्रदीप साहू, केशरी लाल, प्रमोद साहू, चेतराम साहू, राजेंद्र साहू, डॉ0 देवशरण साहू सहित समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### फरियादियों की समस्याओं को सुन कोतवाल ने किया निस्तारित



**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर जिले के संपूर्ण थानों में जनसुनवाई का कार्यक्रम आयोजित किया गया इसी क्रम में चरवा कोतवाली में भी कोतवाल विनोद कुमार सिंह के नेतृत्व में गुरुवार की सुबह जनसुनवाई का कार्यक्रम आयोजित था इस जनसुनवाई में क्षेत्र में समस्याओं से ग्रसित तमाम लोग पहुंचे और अपने शिकायती प्रार्थना पत्र को देकर समस्याओं के निस्तारण की मांग की तमाम शिकायती प्रार्थना पत्र को सुनकर कोतवाल ने मौके पर निस्तारण किया और तमाम मामलों को अधीनस्थों को सौंपते हुए उन्हें गुणवत्तापूर्ण त्वरित निस्तारित करने का निर्देश दिया उन्होंने कहा कि फरियादियों को शासन की मंशा के अनुसार न्याय दिया जाएगा

### सदस्यों द्वारा लगाए गए आरोप को जिला पंचायत अध्यक्ष ने सिरे से किया खारिज



**कौशाम्बी।** जिला पंचायत अध्यक्ष कौशांबी कल्पना सोनकर पर आरोप लगाते हुए 14 सदस्यों ने मंडलायुक्त प्रयागराज को पत्र देकर जिला पंचायत के कार्यों की जांच कराए जाने की मांग की थी सदस्यों द्वारा दिए गए पत्र में अध्यक्ष पर तरह-तरह के आरोप लगाए गए थे गुरुवार को अध्यक्ष कल्पना सोनकर ने सदस्यों द्वारा लगाए गए आरोप को सिरे से खारिज करते हुए प्रेस विज्ञप्ति जारी की है उन्होंने प्रत्येक बिंदुओं के आरोप पर अपनी सफाई देते हुए जिला पंचायत सदस्यों के आरोप को झूठा करार दिया है उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मानसा के अनुसार जिला पंचायत के प्रत्येक सदस्यों के वार्ड में विकास कार्य कराए जा रहे हैं कहीं भी पक्षपात नहीं किया जा रहा है।

### चकथामा में मेरी माटी मेरा देश के तहत कलश लेकर ग्राम प्रधान ने एकत्रित किया मिट्टी और अक्षत



**कौशाम्बी।** मेरी माटी, मेरा देश अभियान के अंतर्गत मंझनपुर तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत चकथाम्भा में ग्राम प्रधान पूनम सिंह और पंचायत सचिव मनोज सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया ग्राम प्रधान अमृत कलश लेकर गांव में घूमी और अमृत कलश यात्रा में उन्होंने गांव की माटी और अक्षत चावल घरों में जाकर संग्रहित किया। ग्राम प्रधान ने कहा कि माटी को नमन देश को वंदन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप 'माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः' के भाव के साथ यह अभियान सफलता की नई ऊंचाइयों को अर्जित करेगा।

संपादक की कलम से

## अपराधियों से मुक्त संसद दूर की कौड़ी

**स्वस्थ** लोकतंत्र का आधार साफ-सुथरे चरित्र के जनप्रतिनिधि होते हैं। प्राचीन काल से अब तक यह मान्यता है कि जो भी व्यक्ति ऊंचे ओहदे पर बैठा हो, उसका चरित्र और व्यवहार बेदाग हो। आपराधिक पृष्ठभूमि के व्यक्तियों से न तो कानूनों के निर्माण में ईमानदारी बरतने की उम्मीद की जा सकती है और न ही उसके क्रियान्वयन की। अगर वे देश की सबसे ऊंची पंचायत यानी संसद में बैठे हों जहां से देश की तमाम गतिविधियों का संचालन होता हो, तो उनके निर्मल व उज्ज्वल चरित्र की अपेक्षा सर्वाधिक होना अपेक्षित ही है। किसी भी देश की परिस्थितियों का निर्धारण संसद में जनता की नुमाइंदगी करने वालों के चरित्र से होता है। देश व समाज को दिशा देने वाले तथा उसकी नियति तय करने वाले ही अगर भ्रष्ट हों तो, हत्यारे हों, अपहरणकर्ता हों तो वे कैसा समाज बनायेंगे, इसकी सहज ही कल्पना की जा सकती है। भारत की मौजूदा दुर्दशा के अनेक कारण गिनाये जा सकते हैं लेकिन उनमें से एक प्रमुख कारण यह है कि हमारी संसद अपराधी तत्वों से भरी पड़ी है। दुनिया के विकसित एवं लोकतांत्रिक तौर पर परिपक्वराष्ट्रों की संसदों में चरित्रवान और कुशाग्र लोगों को भेजने की होड़ होती है। अपवाद स्वरूप कुछ लोग हो सकते हैं जो आपराधिक रिकार्ड के साथ संसद में जा बैठते होंगे, परन्तु भारतीय संसद में उनका जैसा बड़ा जमावड़ा है वह देश के लिये बहुत घातक है। कानून तोड़ने वाले और लोकतंत्र एक साथ नहीं चल सकते। जिस बड़े पैमाने पर अपराधी चुनकर संसद में बैठते हैं, अगर जनता की वही पसंद है तो कहा जा सकता है कि ऐसी जनता अपने ही पांवों पर कुल्हाड़ी मार रही है और उसे खुद के या अपनी भावी पीढ़ियों के लिये अच्छे भविष्य की उम्मीद नहीं करनी चाहिये। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और नेशनल इलेक्शन वॉच (एनईडब्ल्यू) की ताजा रिपोर्ट जो संकेत दे रही है, उससे ऐसी चिंता होनी स्वाभाविक है। यह रिपोर्ट लोकसभा व राज्यसभा की 776 सीटों में से 763 मौजूदा सांसदों के हलफनामों का अध्ययन कर तैयार की गई है जिनमें उन्होंने अपनी जानकारी चुनावी प्रपत्र के साथ प्रस्तुत की थी। लोकसभा की चार एवं राज्यसभा की एक सीट खाली है तथा जम्मू-कश्मीर की सीटों की स्थिति अभी साफ नहीं है। इसलिये इन सीटों के सांसदों का अध्ययन इस रिपोर्ट में शामिल नहीं है। जो जानकारी इन सांसदों ने दी है, उसके मुताबिक मौजूदा 763 सांसदों में से 306 के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें भी 194 के विरूद्ध प्रकरण गम्भीर किस्म के हैं जो हत्या, हत्या के प्रयास, अपहरण, महिलाओं के खिलाफ अपराध आदि से सम्बन्धित हैं। आपराधिक प्रवृत्ति के नेताओं का साम्राज्य एक तरह से देश भर में फैला हुआ है जिसके लिये राज्य और पार्टियों की कोई सीमाएं नहीं हैं। गम्भीर किस्म के आपराधिक रिकार्ड वाले सांसद अनेक राज्यों और ज्यादातर दलों के है। यानी हमाम में सारे नंगे हैं। पाटीर्वार आपराधिक रिकार्ड के सांसद इस प्रकार हैं- भारतीय जनता पार्टी के 385 में 139 (36 प्रतिशत), कांग्रेस 81 में 43 (53 प्रश), तृणमूल कांग्रेस के 36 में 14 (39 प्रश), राष्ट्रीय जनता दल के 6 में 5 (83 प्रश), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के 8 में 6 (75 प्रश), आम आदमी पार्टी के 11 में 3 (27 प्रश), वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के 31 में 13 और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के 8 में 3 (36 प्रश)। यह किसी भी देश के लिये शुभ संकेत नहीं है। संसद को अपराधियों की शरण स्थली न बनाने के लाख दावों के बावजूद प्रमुख दल इसका पालन करते नहीं दिखते। एडीआर की ही पहले की एक रिपोर्ट में बतलाया गया था कि अपराधियों को राजनैतिक दल इसलिये टिकट देते हैं क्योंकि उनके जीतने की सम्भावना का प्रतिशत काफी अधिक होता है।

# 'वन नेशन वन इलेक्शन'-संभावनाएं व चुनौतियां



डॉ. अनिल सैनी समाजशास्त्री व लेखक




**देश** में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हो सकते हैं या नहीं यह पता लगाने के लिए केंद्र ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया है।ऐसा नहीं है कि यह पहली बार हुआ है इससे पहले भी 'वन नेशन वन इलेक्शन' की चर्चा होती रही है।वन नेशन वन इलेक्शन के बारे में करीब 40 वर्षों पहले (1983 में) पहली बार चुनाव आयोग ने सुझाव दिया था और प्रधानमंत्री मोदी जी ने अपने अनेकों भाषणों में पहले भी इसकी चर्चा की है और ऐसा भी नहीं है कि ये परिवर्तन भारत मे पहली बार होगा इससे पहले भी भारत में 1951 से 1967 के बीच लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हुए थे। 1951-52 में आम चुनाव और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हुए थे।इसके बाद 1957, 1962 और 1967 में लोकसभा और राज्यों के विधानसभा चुनाव एक साथ हुए थे। 1968 और 1969 में कुछ विधानसभाओं के समय से पहले भंग होने की वजह से पहली बार एक साथ चुनाव होने का चक्र बाधित हुआ था।अब वन नेशन वन इलेक्शन पर समिति का गठन करने तथा पांच राज्यों में आगामी नवंबर-दिसंबर में विधानसभा चुनाव होने एवं अगले वर्ष लोकसभा चुनाव होने के कारण यह मुद्दा गम्भीर हो गया है साथ ही यह अंदेशा भी लगाया जा रहा है कि सरकार लोकसभा और विधानसभा के चुनाव ही नहीं अपितु पंचायती राज और नगर पालिका तक के चुनाव एक साथ करवाने की मंशा से कार्य कर रही है।वन नेशन वन इलेक्शन के लिए संविधान के अनुच्छेद 83, 85, 172, 174 और 356 के प्रावधानों में संशोधन करना आवश्यक है तथा एक साथ चुनाव कराने के लिए संघ और राज्य विधानसभाओं के लिए निश्चित कार्यकाल होना जरूरी है। ब्राजील, कोलंबिया और फिलीपींस (राष्ट्रपति शासन प्रणाली) में राष्ट्रपति पद के लिए और विधायी स्तर पर चुनाव एक साथ होते हैं , दक्षिण अफ्रीका और स्वीडन में आम चुनाव और प्रांतीय दोनों चुनाव एक साथ होते हैं, दक्षिण अफ्रीका में आम चुनाव और प्रांतीय चुनाव एक साथ पांच साल के लिए होते हैं और नगर निगम चुनाव दो साल बाद होते हैं, वहीं स्वीडन में राष्ट्रीय विधायिका और प्रांतीय विधायिका/काउंटी परिषद और स्थानीय निकायों/म्युनिसिपल असेंबली के चुनाव चार साल के लिए एक निश्चित तिथि यानी सितंबर के दूसरे रविवार को होते हैं।

इससे स्पष्ट है कि सरकार अगर चाहे तो भारत में भी ऐसा कर पाना संभव है परंतु इसके समक्ष अनेक प्रकार की चुनौतियां भी है। जहाँ एक तरफ भारत की अधिकांश जनसंख्या इसके पक्ष में है तथा लोगों का मानना है कि लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जाने से जनता का पैसा बचेगा, प्रशासनिक व्यवस्था और सुरक्षा बलों पर बोझ कम पड़ेगा, सरकारी नीतियों का समय पर कार्यान्वयन हो सकेगा और प्रशासनिक मशीनरी चुनावी कार्यक्रम के बजाय विकास कार्यों में ज्यादा समय दे पाएगी।इंडिया टुडे की एक रिपोर्ट के मुताबिक 2019 के लोकसभा चुनाव में 60,000 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। एक साथ चुनाव कराने से मतदान प्रतिशत भी बढ़ेगा क्योंकि वोटर्स के लिए एक बार में वोट डालना ज्यादा सुविधाजनक होगा। आंकड़ों के मुताबिक 1952 में चुनाव पर 10 करोड़ 45 लाख रुपये खर्च हुए थे तथा उस दौरान प्रति वोटर खर्च सिर्फ 60 पैसे था जो 1991 में बढ़कर 359 करोड़ रुपये हो गया और प्रति वोटर 7 रुपये खर्च आया। इसके बाद 2014 में यह खर्च बढ़कर 3870 करोड़ हो गया और प्रति वोटर 46.40 रुपये का खर्च आया। इसके पक्ष में तर्क दिया जाता है कि लंबे समय तक आदर्श आचार संहिता लागू रहने से जनता का सामान्य जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। बार-बार होने वाले चुनाव प्रचार के कारण भी ऐसा होता है। बार-बार होने वाले चुनाव भी शासन के फोकस को दीर्घकालिक नीति लक्ष्यों से अल्पकालिक नीति लक्ष्यों की ओर ले जाते हैं तथा एक साथ चुनाव वोट बैंक तुष्टिकरण की राजनीति के खिलाफ भी काम कर सकते हैं। वन नेशन वन इलेक्शन के समक्ष चुनौतियां भी है जिनमें सबसे बड़ी चुनौती चुनाव आयोग को लेकर है उसे इसके लिए बड़ी तैयारी करनी होगी। देश में लोकभा की 543 सीटें हैं। सभी पर एक साथ चुनाव होते हैं। इसके अलावा सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 4126 सीटों पर चुनाव कराने होंगे।

समस्या यह है कि कई राज्यों में कुछ समय पहले ही विधानसभा गठित हुई है जिनमें कई में अगले साल चुनाव होने हैं। ऐसे में कुछ विधानसभाओं का कार्यकाल समय से पहले खत्म करना पड़ सकता है तो कुछ का कार्यकाल आगे बढ़ाना होगा। चुनाव आयोग के मुताबिक 2019 के लोकसभा चुनाव में कुल 91 करोड़ मतदाता थे। इस बार इनकी संख्या बढ़कर 101 करोड़ हो सकती है। इतने वोटरों के लिए इंतजाम करना बड़ी चुनौती होगी। चुनाव आयोग का अनुमान है कि वोटिंग मशीन व वीवीपैट खरीदने के लिए लगभग 9285 करोड़ रुपए की आवश्यकता होगी तथा इन मशीनों को प्रत्येक 15 वर्ष में बदलने की आवश्यकता भी होती है जिस पर बहुत अधिक व्यय होगा।इसके साथ ही रीजनल पार्टीज का ये डर है कि अगर ऐसा होता है तो वह स्थानीय मुद्दे नहीं उठा पाएंगे क्योंकि राष्ट्रीय मुद्दे उनकी जगह ले लेंगे, इसके अलावा वे चुनावी खर्च और चुनावी रणनीति के मामले में भी राष्ट्रीय पार्टियों से मुकाबला नहीं कर पाएंगे। साथ ही पंचायती राज और नगर पालिका चुनाव राज्य सूची के विषय है उन पर राज्यों ही सहमति के बिना कानून में संशोधन नही किया जा सकता है।

वहीं सभी प्रकार के चुनाव एक साथ होने पर एक ही मतदाता सूची तैयार करनी होगी। जिसके कारण अगर एक मतदाता का नाम सूची में अंकित होने से छूट गया तो वो किसी भी स्तर पर अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग नहीं कर पायेगा, जो कि एक प्रकार से मूल अधिकारों का उल्लंघन होगा।आलोचकों का यह भी कहना है कि एक साथ चुनावों को मजबूर करना लोकतंत्र के खिलाफ है क्योंकि चुनावों के कृत्रिम चक्र को मजबूर करने की कोशिश करना और मतदाताओं के लिए विकल्प को सीमित करना सही नहीं है तथा हर 5 साल में एक से अधिक बार मतदाताओं का सामना करने से राजनेताओं की जवाबदेही बढ़ती है और वे सक्रिय रहते हैं।कुछ लोगों का मानना है कि यह भारतीय राजनीति और राजनीति की केंद्रीकरण की प्रवृत्ति को आगे बढ़ाएगा। वही विधि आयोग ने कहा है कि संविधान का मौजूदा ढांचा एक साथ चुनाव कराने के लिए उपयुक्त नहीं है। इसके लिए जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के संविधान में विभिन्न संशोधनों और लोकसभा और राज्य विधानसभाओं की प्रक्रिया के नियमों में संशोधन की आवश्यकता होगी। आयोग के अनुसार, संवैधानिक संशोधनों की पुष्टि के लिए राज्य विधान सभाओं के 50% की आवश्यकता होगी। जो कि एक कठिन प्रक्रिया होगी। त्रिशंकु विधानसभा की स्थिति में फिर से चुनाव होने की भी संभावना है जो कार्यकाल को बदल देगा और एक साथ चुनाव कराने में समस्या पैदा करेगा। विधि आयोग का सुझाव है कि संविधान में इस तरह संशोधन करना होगा कि कोई भी ऐसी नई लोकसभा या विधान सभा जो बीच में बनी हो, केवल पिछले कार्यकाल के शेष के लिए गठित की जाएगी।

कुछ आलोचकों का मानना है कि स्थानीय और क्षेत्रीय दल जो कई बार स्थानीय आर्थिक और सामाजिक समूहों के हित का प्रतिनिधित्व करते हैं, आमतौर पर केंद्र सरकार द्वारा अनदेखा किया जाता है, उन्हें हाशिए पर रखा जा सकता है। यह भारतीय लोकतंत्र की गहराई और विविधता को प्रभावित करेगा।

निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है कि नेशन वन इलेक्शन के विषय पर व्यापक चर्चा करके तथा इसके व्यावहारिक तथा अव्यावहारिक पहलुओं पर गौर करते हुए भारत का लोकतंत्र 'वन नेशन वन इलेक्शन' के सपने की ओर आगे बढ़ सकता है।

# मोदी सरकार अब चीन के प्रति आक्रामक नीति अपना रहे है

अशोक भाटिया

**केंद्रीय** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हाल में अरुणाचल प्रदेश में 36 सड़क और पुल परियोजनाओं का ऑनलाइन उद्घाटन किया है । इन परियोजनाओं में तवांग को असम के बालीपारा से जोड़ने वाली, सामरिक रूप से अहम नेचिफू सुरंग भी शामिल है। रक्षा मंत्री ने जम्मू से ऑनलाइन माध्यम से देश भर में कुल 90 प्रमुख सीमा बुनियादी ढांचा परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित की। चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास सड़क संगठन (बीआरओ) की यह परियोजनाएं 2,941 करोड़ रुपये की लागत की हैं।बीआरओ के बताते है कि राजनाथ सिंह ने देश भर में 22 सड़कों, 63 पुलों, नेचिफू सुरंग, दो हवाई पट्टियों और दो हेलीपैड का ऑनलाइन उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री पेमा खांडू और पुलिस महानिदेशक आनंद मोहन ने पश्चिम कामेंग जिले के सेसा से इस कार्यक्रम को देखा। अधिकारियों ने कहा कि पश्चिम कामेंग जिले में बालीपारा-चारदुआर-तवांग रोड़ पर 5,700 फुट की ऊंचाई पर स्थित नेचिफू सुरंग अद्वितीय डी-आकार की सिंगल-ट्यूब डबल-लेन सुरंग है, जो तवांग क्षेत्र को हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। यह प्रोजेक्ट वास्तुशिल्प की उत्कृष्ट कृति, रणनीतिक रूप से स्थित सुरंग सैनिकों के साथ-साथ आम लोगों की आवाजाही सुगम बनाएगी। इस सुरंग से दूरी पांच किलोमीटर कम हो जाएगी और घने कोहरे वाले इलाकों में भी यात्रा में सहूलियत होगी। ज्ञात हो कि बीआरओ ने हाल ही में एलएसी के पास अरुणाचल प्रदेश में 678 करोड़ रुपये की लागत से आठ सड़कों का निर्माण पूरा किया है।

बताया जाता है कि अरुणाचल प्रदेश में जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया उनमें आठ सड़क परियोजनाएं और 20 पुल शामिल हैं। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने हिंदू धार्मिक ग्रंथों का हवाला देते हुए कहा था हमें अपनी सीमाओं की सुरक्षा के लिए मिलकर काम करना होगा। जब देश की सुरक्षा की बात आती है तो सभी राजनीतिक दल एकजुट होते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।रक्षामंत्री के कथन के अनुसार 'बीआरओ के साथ मिलकर, हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि देश सुरक्षित रहे और सीमावर्ती क्षेत्रों का विकास हो। यही नहीं रक्षा मंत्री ने पूर्वी लद्दाख में न्योमा एयरफील्ड की आधारशिला भी रखी। उन्होंने कहा, '200 करोड़ रुपये की लागत से विकसित होने वाला यह हवाई क्षेत्र, लद्दाख में हवाई बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देगा और उत्तरी सीमा पर भारतीय वायुसेना की क्षमता को बढ़ाएगा जो सशस्त्र बलों के लिए गेम-चेंजर होगा ।

जानकार लोगों का कहना है कि भारत ने चीन के विस्तारवादी और उपनिवेशवादी इरादों को देखते हुए उसकी बढ़त को काउंटर करने के लिए उससे लगी सीमाओं पर इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण तेज कर दिया है। सीमावर्ती क्षेत्रों में कनेक्टिविटी में सुधार और वहां रहनेवाले लोगों के जीवन को आसान बनाने के लिए रक्षा मंत्री ने 90 नई परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित कीं। इनमें से 26 परियोजनाएं लद्दाख में और 36 अरुणाचल में हैं और इनकी कुल लागत लगभग 6,000 करोड़ रुपये होगी। इसमें 22 सड़कें, 63 पुल और अरुणाचल प्रदेश में एक सुरंग भी शामिल है। इससे पता चलता है कि भारत चीन की तरफ से पेश की जा रही चुनौती को पूरी गंभीरता से ले रहा है और उसके अनुरूप अपनी तैयारी कर रहा है। इसी के साथ न्योमा एयरफील्ड पर भी काम शुरू हुआ, जो लद्दाख में अग्रिम चौकियों पर तैनात सैनिकों के लिए स्टेजिंग ग्राउंड होगा। यह दुनिया के सर्वाधिक ऊंचे हवाई क्षेत्रों में है। रक्षामंत्री ने जानकारी दी कि बीआरओ ने पिछले 900 दिनों में लगभग 100 इंफ्रा-प्रोजेक्ट्स देश को समर्पित किए हैं। हममें से अधिकांश भारतीयों को 2020 में चीन के साथ गलवान घाटी में हुआ गतिरोध याद ही होगा। उस समय हमने चीन को पीटने में सफलता इसीलिए पाई क्योंकि यह सैनिकों और रसद की आवाजाही के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित हुआ। फिलहाल यह एएलजी या उन्नत लैंडिंग ग्राउंड है और इसका रनवे मिट्टी से बना हुआ है, यानी मतलब यह कि इस पर केवल विशेष मालवाहक विमान या हेलिकॉप्टर ही उतारे जा सकते हैं। फिलहाल इस पर चिनूक हेलिकॉप्टर और सी-130 जे विमान उतारे जा रहे हैं। 218 करोड़ रुपए की लागत वाला नया रनवे जब बनकर तैयार हो जाएगा, तो बड़े-बड़े परिवहन और मालवाहक विमान भी न्योमा से ही संचालित हो सकेंगे। इससे भारतीय सेना को बड़ा रणनीतिक लाभ होगा और उनका मनोबल भी बढ़ेगा। इस साल के अंत तक ही इसके तैयार हो जाने की उम्मीद है। 13 हजार फुट की ऊंचाई वाला न्योमा बेल्ट 1962 में चीन के साथ युद्ध के बाद बंद था, लेकिन 2010 में यह फिर शुरू हुआ। यह वास्तविक नियंत्रण रेखा का सबसे नजदीकी एयरबेस है और चीन से इसकी दूरी महज 50 किलोमीटर है। भारत को पता है कि चीन अपनी कारस्तानी से बाज नहीं आएगा और न्योमा किसी भी गतिरोध की स्थिति में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है, इसलिए वह तेजी से इसका विकास कर रहा है। इतनी ऊंचाई पर होने के कारण यहां से ही सीमा पार चीन क्या कर रहा है, उस पर भी नजर रखी जा सकती है। इससे लद्दाख में इंफ्रास्ट्रक्चर को भी मजबूती और नया आयाम मिलेगा। भारतीय एयरफोर्स की भी क्षमता बढ़ेगी। गौरतलब है कि हमारा देश लगातार अपने सीमावर्ती इलाकों में इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास कर रहा है। ऐसे में यह दूर की कौड़ी नहीं लगती कि आनेवाले दो-तीन वर्षों में भारत अगर चीन को पछाड़ेगा नहीं, तो इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में उसके बराबर सीमाई इलाकों में तो आ ही जाएगा। चीन की हरकतों को देखते हुए खास तौर से उससे लगी हुई सीमा में, सीमावर्ती इलाकों में भारत इंफ्रास्ट्रक्चर दिन दूनी, रात चौगुनी रफ्तार से बढ़ा और विकसित कर रहा है। न्योमा एयरपोर्ट चीन की नजरों से दूर, लेकिन दुनिया का सबसे ऊंचा हवाई क्षेत्र भी होगा। चीन से सटे होने की वजह से इस एयरबेस का रणनीतिक, सामरिक और राजनीतिक महत्व भी है। 12 सितंबर को रक्षामंत्री ने जिन 90 परियोजनाओं की शुरूआत की है, उसमें बागडोगरा और बैरकपुर जैसे दो रणनीतिक तौर पर महत्वपूर्ण हवाई क्षेत्र भी हैं, इसके अलावा लद्दाख मे एक हैलीपैड ससोमा-सासेर ला के बीच और एक हेलीपैड राजस्थान में भी बनेगी। इसके साथ ही दुनिया की सबसे लंबी दो लेन वाली सेला सुरंग भी अगले महीने तक पूरी हो जाएगी। अरुणाचल के पश्चिम कामेंग जिले की यह सुरंग तवांग को हरेक मौसम में कनेक्टिविटी देगी। जांस्कर और लाहौल स्पीति को जोड़नेवाली यह सुरंग लगभग 16 हजार की फीट पर होगी और यह दुनिया की सबसे ऊंची सुरंग होगी। केंद्र एलएसी यानी वास्तविक नियंत्रण रेखा के लगभग 3500 किलोमीटर के इलाके को विकसित करने के लिए बेहद तेजी से काम कर रही है। पिछले दो-तीन साल में ही लगभग 300 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं, जिनकी लागत 11 हजार करोड़ रुपए की है।

## खतरे में आदिवासियों का अस्तित्व

बरखा लकडा

**विकास** के आंकड़ों पर अगर नजर डालें तो आदिवासी शिक्षा, स्वास्थ्य, आयु, जन्म के समय मृत्युदर, सालाना आय आदि कई मापदंडों पर नीचे के पायदानों पर पाये जाते हैं। इसके कारण बहुत सी बातों में आदिवासी शोषण के सहज ही शिकार बन जाते हैं। बड़े उपक्रमों के अलावा जहां कहीं भी छोटे शहर या कस्बों का दबाव बढ़ने लगता है, वहां आदिवासी विभिन्न भूमाफियाओं द्वारा प्रताड़ित किये जाते हैं और उन्हें लगातार अपनी जमीन से बेदखल होना पड़ता है।

आज पूरे भारत में हर समाज अपनी जाति-व्यवस्था को बचाने के लिए संघर्ष कर रहा है। इनमें से एक आदिवासी समुदाय है जो खुद को हिन्दू नहीं, बल्कि आदिवासी मानता है। अगर आदिवासी खुद को हिन्दू नहीं मानते तो फिर इनका इतिहास क्या है?

ये एक बड़ा सवाल है जिसका विश्लेषण तत्थ्यों के आधार पर किया जाना चाहिए।

जस्टिस पाजीटर का मानना है कि अनार्य तो आर्यो से भी प्राचीन हैं, उनके पहले के हैं जब भारत में आर्यों का जन्म भी नहीं हुआ था। ईसवी सन् से लगभग 2200 वर्ष पहले आर्य लोगों ने मध्य हिमालय के रास्ते से भारतवर्ष में प्रवेश किया था। आर्यों ने भारतवर्ष में आकर अनार्यों से संघर्ष किया और आर्य - अनार्य युद्ध को च्देवासुर संग्रामज की संज्ञा दी। उन्होंने अनार्यों को असुर और भारत में पहले से रह रहे लोगों को अनार्य कहा। आर्यों -अनार्यों में मूल भेद यह था कि यूरेशिया से मध्य भारत में प्रवेश करने वाले आर्य शीत प्रधान भू-भाग के निवासी होने के कारण शरीर से गोरे, ऊंचे कद, लंबी नाक और भूरी आंख, भूरे बाल वाले थे, जबकि अनार्यों का कद छोटा, शरीर तथा बालों का रंग काला, नाक मोटी, होंठ मोटे तथा सिर गोल था। प्रथम वैदिक काल में दो ही वर्ग थे। पहला आर्य, दूसरा अनार्य। आर्यों ने अनार्यों को अपना शत्रु माना। आर्यों -अनार्यों की शारीरिक रचना, संस्कृति एक-दूसरे से बिलकुल भिन्न थी।

# हिन्दी है भारत के मस्तिष्क का तिलक

ललित गर्ग

**राजभाषा क**ही जाने वाली हिंदी भाषा अपने ही देश में घोर उपेक्षा की शिकार है, बावजूद आज दुनिया में तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा बन गई है। विश्व भाषा बनने की ओर हिन्दी के बढ़ते कदम भारत के लिये एक बड़ी उपलब्धि है। यूएई के हम एफ-एम सहित अनेक देश हिंदी कार्यक्रम प्रसारित कर रहे हैं, जिनमें बीबीसी, जर्मनी के डायचे वेले, जापान के एनएचके वर्ल्ड और चीन के चाइना रेडियो इंटरनेशनल की हिंदी सेवा विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। अमेरिका में 32 विश्वविद्यालयों और शिक्षण संस्थानों में हिंदी पढ़ाई जाती है। ब्रिटेन की लंदन यूनिवर्सिटी, कैंब्रिज और यॉर्क यूनिवर्सिटी में हिंदी पढ़ाई जाती है। जर्मनी के 15 शिक्षण संस्थानों ने हिंदी भाषा और साहित्य के अध्ययन को अपनाया है। इस तरह हिन्दी में विश्व भाषा बनने की समस्त अर्हताएं एवं विशेषताएं समायी हुई है। हिन्दी स्वयं में अपने भीतर एक अन्तर्राष्ट्रीय जगत छिपाये हुए हैं। आर्य, द्रविड, आदिवासी, स्पेनी, पुर्तगाली, जर्मन, फ्रेंच, अंग्रेजी, अरबी, फारसी, चीनी, जापानी, सारे संसार की भाषाओं के शब्द इसकी विश्वमैत्री एवं वसुधैव कुटुम्बकम वाली प्रवृत्ति को उजागर करते हैं। विश्व में हिंदी भाषी करीब 70 करोड़ लोग हैं। यह तीसरी सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा है। इस समृद्ध एवं वैश्विक गरिमा वाली भाषा का हिन्दी दिवस प्रत्येक 14 सितबंर को मनाया जाता है। विश्व में प्रतिष्ठा पा रही हिन्दी की हमारे देश में दिन-प्रतिदिन उपेक्षा होती जा रही है, हिन्दी पर अंग्रेजी का प्रभाव बढ़ता जा रहा है और यदि ऐसा ही चलता रहा तो वह दिन दूर नहीं है जब हिन्दी हमारे अपने ही देश में विलुप्तता के कगार पर पहुंच जायेगी। जबकि हिन्दी राष्ट्रीयता की प्रतीक भाषा है, उसको राजभाषा बनाने एवं राष्ट्रीयता के प्रतीक के रूप में प्रतिष्ठापित करने के साथ-साथ इसे संयुक्त राष्ट्र संघ की सातवीं आधिकारिक भाषा के रूप में स्वीकृति दिलाने के लिये ठोस कदम उठाये जाने की अपेक्षा है। हिन्दी में यह शक्ति कब आएगी कि वह विश्व के लिये एक ऐसी महत्वपूर्ण भाषा बन जाये, जिसकी उपेक्षा न देश में और न दुनिया में हो सके। यह तभी संभव है जब हमारी मानसिकता बदले, हम हिन्दी को बोलते हुए गर्व का अनुभव करें एवं स्वयं के देश में हिन्दी को प्रतिष्ठापित करें, सम्मान करें। आचार्य विनोबा भावे ने सही कहा कि हिंदी को गंगा नहीं बल्कि समुद्र बनना होगा। भारत अपनी विविध आबादी को एकजुट करने और विभिन्न क्षेत्रों में संचार के साधन प्रदान करने में हिंदी की भूमिका को स्वीकार करता है। यह भारत जैसे बहुभाषी देश में भाषाई और सांस्कृतिक सद्भाव को बढ़ावा देने के महत्व पर भी प्रकाश डालता है। इसके अलावा, हिंदी दिवस लोगों को हिंदी भाषा सीखने और उसकी सराहना करने के लिए प्रोत्साहित करता है, जिससे उनकी भाषाई विरासत पर गर्व की भावना पैदा होती है। यह हिंदी साहित्य, कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने का सबसे पहले विचार महात्मा गांधी ने वर्ष 1918 में हिंदी साहित्य सम्मेलन में किया था। इसके अलावा देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी एक ऐसे पहले नेता थे जिन्होंने 1977 में इंटरनेशनल ऑडियंस को हिंदी में संबोधित किया था। वह आज तक मिसाल के तौर पर याद किया जाता है। हिंदी को दबाने की नहीं, ऊपर उठाने की आवश्यकता है। हमने जिस त्वरता से हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने की दिशा में पहल की, उसी त्वरा से राजनैतिक कारणों से हिन्दी की उपेक्षा भी लगातार होती रही है, यही कारण है कि आज भी हिन्दी भाषा को वह स्थान प्राप्त नहीं है, जो होना चाहिए। राष्ट्र भाषा सम्पूर्ण देश में सांस्कृतिक और भावात्मक एकता स्थापित करने का प्रमुख साधन है। भारत का परिपक्व लोकतंत्र, प्राचीन सभ्यता, समृद्ध संस्कृति तथा अनूठा संविधान विश्व भर में एक उच्च स्थान रखता है, उसी तरह भारत की गरिमा एवं गौरव की प्रतीक राष्ट्र भाषा हिन्दी को हर कीमत पर विकसित करना हमारी प्राथमिकता होनी ही चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन में हिन्दी को राजभाषा एवं राष्ट्रभाषा के रूप में स्कूलों, कॉलेजों, अदालतों, सरकारी कार्यालयों और सचिवालयों में कामकाज एवं लोकव्यवहार की भाषा के रूप में प्रतिष्ठा मिलना चाहिए। देश-विदेश में हिन्दी को जानने-समझने वालों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। इंटरनेट के इस युग ने हिंदी को वैश्विक धाक जमाने में नया आसमान मुहैया कराया किया है। अब विश्व भर की वेबसाइट हिंदी को भी तवज्जो दे रही हैं। ईमेल, ईकॉमर्स, ईबुक, इंटरनेट, एसएमएस एवं वेब जगत में हिंदी को बड़ी सहजता से पाया जा सकता है। माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, आइबीएम तथा ओरेकल जैसी कंपनियां अत्यंत व्यापक बाजार और भारी मुनाफे को देखते हुए हिंदी प्रयोग को बढावा दे रही हैं। एक अध्ययन के मुताबिक हिंदी सामग्री की खपत करीब 94 फीसद तक बढ़ी है। हर पांच में एक व्यक्ति हिंदी में इंटरनेट प्रयोग करता है। फेसबुक, ट्विटर और वाट्स एप में हिंदी में लिख सकते हैं। इसके लिए गूगल हिंदी इनपुट, लिपिक डॉट इन, जैसे अनेक सॉफ्टवेयर और स्मार्टफोन एप्लीकेशन मौजूद हैं। हिंदी-अंग्रेजी अनुवाद भी संभव है।

हिन्दी की उपेक्षा पर महात्मा गांधी ने अपनी अन्तर्वेदना प्रकट करते हुए कहा था कि भाषा संबंधी आवश्यक परिवर्तन अर्थात हिन्दी को लागू करने में एक दिन का विलम्ब भी सांस्कृतिक हानि है। मेरा तर्क है कि जिस प्रकार हमने अंग्रेज लुटेरों के राजनैतिक शासन को सफलतापूर्वक समाप्त कर दिया, उसी प्रकार सांस्कृतिक लुटेरे रूपी अंग्रेजी को भी तत्काल निर्वासित करें। आजादी के अमृतकाल में हिन्दी को उसका गरिमापूर्ण स्थान दिलाना ही होगा। गतदिनों पूर्व उपराष्ट्रपति वैंकय्या नायडू ने हिन्दी के बारे में ऐसी ही बात कही थी, जिसे कहने की हिम्मत महर्षि दयानंद, महात्मा गांधी और डॉ. राममनोहर लोहिया में ही थी। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी एक भयंकर बीमारी है, जिसे अंग्रेज छोड़ गए हैं। आजादी के 76 साल बाद भी सरकारें अपना काम-काज अंग्रेजी में करती हैं, यह देश के लिये दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण स्थिति है। वैंकय्या नायडू का हिन्दी को लेकर जो दर्द एवं संवेदना है।

# भादों माह के अमावस्या मेले में आस्था के आगे फीकी पडी उमस भरी गर्मी

## दस लाख श्रद्धालुओं ने लगाई कामतानाथ की परिक्रमा-तीर्थक्षेत्र को दुल्हन की भांति सजाया

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** भादों माह के अमावस्या मेले में श्रद्धालुओं की आस्था के आगे उमस भरी गर्मी फीकी पड गई। मंदाकिनी नदी में स्नान कर कामतानाथ की परिक्रमा श्रद्धालुओं ने की है। तीन दिवसीय अमावस्या मेला में तकरीबन दस लाख श्रद्धालुओं के आने के आसार हैं। यूपी-एमपी प्रशासन ने कई दिन पहले से मेले को सकुशल सम्पन्न कराने की तैयारियां की है। पिछले माह सावन में सोमवती अमावस्या मेले में हुई चूक को प्रशासन दोहराना नहीं चाहता। उम्मीद से कहीं अधिक भीड़ आने से दिक्कतें आई थी। धर्मनगरी में कई जगह एलईडी गेट बनाकर भव्य तरीके से सजावट की गई है। गुरुवार को धर्मनगरी में भदई अमावस्या मेला की तैयारियों में उप्र-मप्र प्रशासन





कई दिनों से जुटा था। आज अमावस्या मेला में श्रद्धालुओं का रेला आना शुरू हो गया है। तीन दिवसीय मेला में तकरीबन दस लाख श्रृद्धालुओं ने कामतानाथ की परिक्रमा की। मेला क्षेत्र को आकर्षित बनाने को अयोध्या की तर्ज पर चित्रकूट तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी/डीएम अभिषेक आनंद ने नई पहल की शुरूआत की है। प्रमुख चैराहों को खूबसूरत लाइटों से सजाया है। जहां से तीर्थ यात्रियों को चित्रकूट की ओर प्रवेश करना है। ऐसे छह स्थान चिन्हित हैं। जिन पर तीन एलईडी गेट जो भक्ति पर आधारित व तीन गेट कपड़े के आकर्षक लाइटों से युक्त बनाए जा रहे हैं। बेडीपुलिया चैराहा प्रवेश द्वार, यूपीटी चैराहा को भी आकर्षक लाइटों से सजाया गया है। वहीं रामघाट, टेंपो स्टैंड, शिवरामपुर, पटेल तिराहा, धनुष चैराहा आदि स्थानों को खूबसूरत तरीके से सजाया गया है। इस बार जो श्रद्धालु आएंगे उन्हें चित्रकूट बहुत आकर्षित करेगा। पिछले माह सावन में सोमवती अमावस्या मेले में हुई चूक को प्रशासन दोहराना नहीं चाह रहा है। क्योंकि उम्मीद से कहीं अधिक भीड़ आने से दिक्कतें आई थीं। यूपी प्रशासन ने मेला क्षेत्र में सात जोनल व 18 सेक्टर मजिस्ट्रेटों की ड्यूटियां लगाई है। दो पालियों में रात-दिन अधिकारी मेला क्षेत्र में पुलिस बल के साथ मौजूद रहेंगे। बुधवार से लगातार तीन दिन ड्यूटी रहेगी। सभी को निर्देश दिए गए है कि ड्यूटी दौरान लापरवाही न बरती जाए। रामघाट व परिक्रमा मार्ग में विशेष नजर रखें। मेला क्षेत्र के भीतर अनाधिकृत तौर पर वाहनों का प्रवेश नहीं होगा।

## मेला का जायजा ले, डीएम देते रहे निर्देश

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** भादों माह के अमावस्या मेला को सकुशल एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने जिलाधिकारी सतना अनुराग वर्मा व पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने राष्ट्रीय रामायण मेला, रामघाट आदि जगहों पर भ्रमण कर मेला में लगे जोनल मजिस्ट्रेट व सेक्टर मजिस्ट्रेट, सुरक्षा बल व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

गुरुवार को जिलाधिकारी ने जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट से कहा कि भदई अमावस्या मेला पर्व को सकुशल संपन्न कराना सभी का दायित्व है। कोई भी प्रतिस्थानी जब तक न आ जाये संबंधित अधिकारी- कर्मचारी ड्यूटी स्थल नहीं छोड़ेगा। सुरक्षा में लगे सुरक्षा कर्मियों को निर्देश दिये कि कोई भी अप्रिय घटना न होने पाए, विशेष ध्यान दें।

उन्होंने अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देश दिये कि रामघाट और परिक्रमा मार्ग पर साफ-सफाई पर नजर रखें।

## दस के खिलाफ मिनी गुण्डा एक्ट से मची खलबली

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा दीपेन्द्र सिंह ने भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले दस लोगों के खिलाफ मिनी गुण्डा एक्ट के तहत कार्यवाही की है। इस कार्यवाही से अराजकतत्वों में खलबली मची है।

गुरुवार को सरधुवा थानाध्यक्ष दीपेन्द्र सिंह ने क्षेत्र में गुण्डागर्दी करने वाले रामप्रकाश, अशोक पुत्र चुनकूराम, चुनवाद पुत्र ददुवा निवासी साहबतारा, शिवसेवक पुत्र रामबालक निवासी देवारी, त्रिलोक पुत्र जयचन्द निवासी खोपा, चन्द्रभान पुत्र कामता निवासी बरद्वारा, राममिलन पुत्र देशराज, भोंदू पुत्र सुंदर केवट निवासी बड़हर पुरवा मजरा सुरवल, प्रभाकर उर्फ बउवा पुत्र दिनेश गौतम व शैलेन्द्र पुत्र वीरेन्द्र सिंह निवासी भदेदू के खिलाफ धारा 110जी सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की है। इससे अराजकतत्वों में खलबली मची है।

## मेले में ड्रोन कैमरे से एसपी ने देखी सुरक्षा व्यवस्था



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर भाद्रपद अमावस्या मेला में सुरक्षा व्यवस्था एवं संदिग्ध लोगों की निगरानी के मद्देनजर रामघाट एवं परिक्रमा मार्ग में ड्रोन कैमरे की मदद ली गयी।

गुरुवार को भादों माह की अमावस्या मेला में तकरीबन दस लाख श्रद्धालुओं के आवागमन के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक ने मेले में बारीकी से भीड़भाड एवं सुरक्षा व्यवस्था तथा संदिग्धों के आंकलन को ड्रोन कैमरे की मदद ली गई। ड्रोन कैमरे से मेला ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों समेत अराजकतत्वों की भी निगरानी की गयी। इससे कहीं कोई अप्रिय घटना नहीं हुई।

## शहीदों को नमन कर अमृत कलश में संकलित की मिट्टी, मेरी माटी मेरा देश अभियान

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** वार्ड 17 जानकीपुरी में मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत देश के अमर सपूतों को नमन करते हुए हर घर से माटी और अक्षत अमृत कलश में संकलित किया है। इस मौके पर पदाधिकारियों ने टोली बनाकर अमृत कलश लेकर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम किया। गुरुवार को आजादी के अमृत महोत्सव में मेरे माटी मेरा देश का शुभारंभ वार्ड संयोजक/जिला सह मीडिया प्रभारी अर्पित जायसवाल ने किया। कहा कि राष्ट्रभक्ति की सोच जिसके अंदर होती है, वही ऐसे कार्यक्रम करता है। देश के प्रधानमंत्री ने ये बात साबित की है कि ये अभियान से प्रधानमंत्री की अगुवाई में देश शहीदों को नमन किया जायेगा। बलिदानी शहीदों के सम्मान में देश भर में मेरी माटी मेरा देश अभियान चल रहा है। ये अभियान देखकर गुलामी की मानसिकता खत्म कर समृद्धि विरासत पर गर्व करने और देश में एकता को बढ़ावा देने वाला सिद्ध होगा। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख पहाडी सुशील द्विवेदी, रघुनाथ प्रसाद जायसवाल, सेक्टर संयोजक अंकित पांडे, सोशल मीडिया प्रभारी सुरेश पटेल, बूथ अध्यक्ष अंकित सैनी, राधे सिंह, ऋषभ शुक्ला, घनश्याम यादव, लवकुश सैनी, आशीष निगम, रविषेक गुप्ता, हर्षित जायसवाल, ओम प्रकाश यादव आदि मौजूद रहे।



## भदई अमावस्या पर यातायात व्यवस्था में बदलाव

### पुलिस ने मेले में की है खासी व्यवस्था

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** यूपी-एमपी बार्डर साक्षी गोपाल से खोही परिक्रमा पुलिस चैकी तक 40 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। भदई अमावस्या को देखते हुए शहर क्षेत्र में विभिन्न मार्गों पर भारी वाहनों का प्रवेश आज सवेरे साढे पांच बजे से 15 सितंबर की रात साढे नौ बजे तक पूरी तरह बन्द रहेंगे। रेलवे क्रासिंग के पहले प्रयागराज रोड़, पुलिस लाइन तिराहा, मानिकपुर रोड, बेड़ी पुलिया, मत्यगजेंद्रनाथ धर्मकांटा बांदा मार्ग, लोढ़वारा मोड़, राजापुर मार्ग, शेखनपुरवा मोड़, सोनेपुर सतना मार्ग, बेड़ीपुलिया तिराहा से निमोर्ही अखाड़ा, यूपी-एमपी बार्डर तक, शिवरामपुर तिराहा से यूपीटी तिराहा, भरतकूप तिराहा से खोही तिराहा, खोही तिराहा से यूपी-एमपी बार्डर पीली कोठी तक पैदल यात्री व हल्के व दोपहिया वाहन ही आवागमन कर सकेंगे।

इसी क्रम में भारी वाहन प्रयागराज से बांदा व सतना जाने वाले वाहन बोड़ीपोखरी चैराहा से राजापुर होते हुए बांदा की तरफ, बोड़ी पोखरी चैराहा से सरैंया मारकुंडी होते हुए सतना की तरफ, राजापुर से आने वाले बड़े वाहन पहाड़ी से अतर्रा बांदा की तरफ जाएंगे। बांदा से प्रयागराज जाने वाले वाहन अतर्रा से बिसंडा होते हुए पहाड़ी से राजापुर होकर प्रयागराज की ओर जाएंगे। सतना से प्रयागराज व कौशांबी जाने वाले वाहन बड़ी पाटिन तिराहा से मारकुंडी तिराहा होकर बोड़ी पोखरी चैराहा से प्रयागराज की तरफ जाएंगे। बड़ी पाटिन तिराहा से मारकुंडी तिराहा होकर बोड़ी पोखरी चैराहा से राजापुर होते हुए कौशांबी की तरफ जाएंगे। यहां तक आने वाले श्रद्धालु अपने वाहन पीली कोठी मार्ग, हनुमान धारा, रजौला बाईपास, कामतन, बेडीपुलिया, पोददार इंटर कालेज, रैन बसेरा, चितरारोड पर अपने वाहन स्टैंड पर खड़ा कर पैदल तीर्थस्थल तक जाएंगे तो परेशानी से बच सकेंगे। कई जगह खोया पाया केंद्र व पुलिसकर्मी तैनात रहे। श्रद्धालु मदद लेते रहे। किसी अंजान पर कोई विश्वास न करें। किसी संकट में यूपी 112 पर फोन करें। रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड तक आने-जाने में प्रशासन की ओर से निर्धारित किराया ही टेंपो, बस व ई रिक्शा में दें। इसकी सूची वाहनों में चस्पा कर दी गई है। वाहनों के आने-जाने की सूचनायें लगातार लाउडस्पीकर से दी जा रही है। बाहर जिलों से आने वाले तीर्थयात्री मेला क्षेत्र के अंदर के होटल लॉज में ठहरने का 14 व 15 सितंबर को प्रयास न करें। कर्वी, शिवरामपुर, चितरा रोड, सिरसावन, रजौला व जानकीकुंड में कई होटल लॉज व धर्मशालाएं हैं, वहां ठहराव किया जा सकता है। मंदाकिनी में घाट किनारे ही स्नान करें, खतरे के निशान की लगी रस्सी से आगे अथवा बीच धारा तक जाने का प्रयास न करें। किसी अप्रिय घटना पर नाव में मौजूद पुलिस को तत्काल आवाज देकर बुलायें।

## भंडारे में प्रसाद चख श्रद्धालुओं ने सराहा, बृजरानी गेस्ट हाउस के पास हुआ भंडारा



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** भदई अमावस्या पर व्यापारियों ने श्रद्धालुओं को लगभग बीस कुंतल आटे की पूडी-सब्जी खिलाई। व्यापारियों ने भदई अमावस्या पर टेज्न से उतरे श्रद्धालुओं को बृजरानी गेस्ट हाउस के बाहर स्टेशन रोड में प्रसाद बांटा।

गुरुवार को भदई अमावस्या पर व्यापारी राजीव अग्रवाल, गुलाब गुप्ता, रवि श्रीवास्तव, हेमन्त गुप्ता, राजा साहू, सूर्य प्रकाश, अशोक सिंह, गिरजा सिंह, कुलदीप सिंह, आशीष सिंह, लक्ष्मीपाल, सुधांशु द्विवेदी, प्रवीण सिंह, सौरभ गुप्ता ने स्टेशन रोड पर विशाल भंडारे का आयोजन किया। ये भंडारा प्रत्येक अमावस्या पर होता था, कोरोना काल से बन्द था। आज भदई अमावस्या को पुनः शहर के समाजसेवियों एवं व्यापारियों तथा नगर पालिका के वार्ड मेम्बर राजा साहू आदि के प्रयास से भंडारा आयोजन हुआ। ट्रेनों से उतरे श्रद्धालुओं को भंडारे में भरपेट पूडी-सब्जी, रायता बांटा गया। भंडारे में श्रद्धालुओं ने जी भरकर प्रसाद ग्रहण किया। प्रसाद ग्रहण करने वाले श्रद्धालुओं ने पुण्यदाताओं को जी भरकर सराहा।

# अमर शहीदों को मोदी कर रहे नमन : आरके पटेल

## पीएम की अगुवाई में दुनिया में आगे है भारतः अशोक जाटव

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** मेरी माटी मेरा देश के तहत मऊ नगर पंचायत डाक बंगला मोहल्ले व विकास खंड पहाड़ी के उद्घटा कनकोटा गांव में सांसद आरके सिंह पटेल ने प्रत्येक परिवार के आंगन की मिट्टी अमृत कलश में एकत्र कर अभियान की जानकारी दी।

गुरुवार को सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि आजादी के अमृत काल में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ये अभियान पूरे देश में चलाया है। इसका उद्देश्य भारत माता की आजादी को प्राणों को न्योछावर करने वाले अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देने का है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि भारत देश जी20 की अगवाई कर रहा है। देश के प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में देश के वैज्ञानिक चंद्रयान-3 का सफल परीक्षण कर विश्व पटल पर देश का नाम ऊंचा कर रहे हैं। डॉक्टरों ने कोरोना वैश्विक महामारी में देश के लोगों को वैक्सीनेशन कराकर जान बचाने का कार्य किया। विदेशों में भी टीका निर्यात किया गया। देश में आजादी के 75 वर्षों बाद शहीदों के नाम पर शिलापट लगाकर देश के लिए प्राणों को न्योछावर करने वाले अमर शहीदों को मोदी श्रद्धांजलि दे रहे हैं। सांसद आरके सिंह पटेल ने शिलापट का लोकार्पण कर अमृत सरोवर किनारे 75 वृक्षों को रोपित किया।

उन्होंने अमृत काल मौके पर



पंचप्रण की शपथ दिलाई। गांव से एकत्र की गई मिट्टी से ब्लॉक परिसर में वृक्षारोपण होगा। देश की राजधानी दिल्ली में प्रत्येक विधानसभा से आठ हजार पेड़ो से अमृत वाटिका बनेगी। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगवाई में भारत दुनिया के अग्रिम पंक्ति पर नजर आ रहा है। जल्द ही विश्व गुरु बनेंगे। केंद्र की सरकार व प्रदेश की सरकार तथा जिला प्रशासन लगातार विकास योजनाओं को जमीन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी, विनीत द्विवेदी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, जिला विकास अधिकारी राजकुमार त्रिपाठी, भाजपा नेता देव त्रिपाठी, जिला पंचायत सदस्य/मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश बालाजी, मंडल अध्यक्ष भाजपा योगेंद्र सिंह, विजय बहादुर सिंह, स्वयं प्रकाश मिश्रा, रामचंद्र वर्मा, मधुरेंद्र प्रताप सिंह, प्रधान जगदीश प्रसाद शुक्ला, प्रधान रायपुर देवनारायण, शक्ति प्रताप सिंह तोमर, राजकुमार त्रिपाठी, शिवाकांत पांडेय आदि मौजूद रहे।

## अमावस्या मेले में बन्द रहे स्कूल, दस लाख श्रद्धालुओं के आने के आसार

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिले में आज अमावस्या की भीड़भाड़ के मद्देनजर डीएम अभिषेक आनंद ने कक्षा एक से 12 तक के शैक्षिक संस्थानों को बंद करने का आदेश जारी किया है। भादों माह की अमावस्या में तकरीबन दस लाख श्रद्धालुओं के आने के आसार के चलते डीएम ने शैक्षिक संस्थानों को बन्द कराया है। गुरुवार को जिले के सभी सरकारी व प्राइवेट विद्यालय पूरी तरह से अमावस्या मेले पर बंद रहे। अमावस्या को लेकर बुधवार से ही भीड जुटना शुरू हो गई थी। प्रशासन ने व्यवस्थायें मुस्तैद करने को मप्र प्रशासन के साथ मिलकर बैरिकेटिंग जगह-जगह कराई है। उप्र-मप्र प्रशासन ने भीड़भाड़ वाले इलाके में बड़े वाहनों का प्रवेश पूरी तरह से वर्जित कर दिया है। चित्रकूट में हरियाणा, पंजाब, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, दिल्ली, राजस्थान समेत कई राज्यों से श्रद्धालु परिक्रमा करने आते हैं। कुछ लोग परिक्रमा अपने घर से दंडवती करते हुए कामतानाथ आते हैं। चित्रकूट की अमावस्या में उप्र-मप्र इलाके में तकरीबन दस हजार पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगी है। बनवास कल में भगवान राम, पत्नी जानकी, भाई लक्ष्मण के साथ 11 साल 11 महीना 11 दिन यहां रहे थे। लक्ष्मी नारायण मंदिर के महंत श्याम दास ने बताया कि यहां की मान्यता है कि चित्रकूट में श्रद्धालु भक्ति भाव से भगवान कामतानाथ की परिक्रमा करते हैं तो उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

# मेले में सीमा क्षेत्र के भी श्रद्धालुओं का डीएम-एसपी ने लिया जायजा

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** भाद्रपद अमावस्या मेला को सकुशल सम्पन्न कराने एवं श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के मद्देनजर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला तथा सतना डीएम व सतना एसपी के साथ सीमा क्षेत्र का भ्रमण किया। सभी श्रद्धालुओं की समस्याओं का समय से निस्तारण करवाने को मातहतों को दिशा-निर्देश दिये। गुरुवार को भादों माह की अमावस्या मेला में तकरीबन दस लाख श्रद्धालुओं के आवागमन के चलते डीएम अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला मेला क्षेत्र का लगातार भ्रमण करते रहे। मेला क्षेत्र में पूरा समय देते हुए



डीएम-एसपी ने मेले में आये श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो, इसके मद्देनजर लगातार मातहतों को निर्देश देते रहे। डीएम-एसपी ने मप्र सीमा क्षेत्र जाकर भी श्रद्धालुओं की बाबत खोज-खबर ली। उन्होंने सतना डीएम-एसपी से भी भेंटकर वार्ता की। वार्ता में दोनों प्रांतों की डीएम-एसपी श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या नहीं आने दी।

# चोरी के तीन मामलों का खुलासा, तीन बाल अपचारी दबोचे

## कबाडी भी पुलिस गिरफ्त में आया

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों की गिरफ्तारी को जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय की देखरेख में कर्वी कोतवाल गुलाब त्रिपाठी की अगुवाई में पुलिस टीम ने चोरी के तीन मामलों का खुलासा कर एक आरोपी व तीन बाल अपचारियों को दबोचकर उनके कब्जे से दो चांदी के सिक्के व दो जोडी पायल तथा लोहे की सब्बल, एक सोलर प्लेट समेत 1020 रुपए बरामद किये हैं।

ज्ञात है कि कोतवाली कर्वी के दरोगा रामआधार सिंह की टीम ने मुखबिर की सूचना पर मंदाकिनी पुल के पास से चोरी के तीन मामलों से सम्बन्धित तीन बाल अपचारियों को दबोचा है। इनके



कब्जे से दो चांदी के सिक्के, दो जोडी पायल, लोहे की सब्बल, चोरी के 1020 रुपए बरामद किये। बाल अपचारियों ने पूंछताछ में बताया कि वे एक साथ मिलकर बन्द मकान व दुकानों का शटर सब्बल से तोड़कर चोरियां करते है। तीनों ने प्रयागराज, कौशाम्बी व चित्रकूट आदि स्थानों में घूम-घूमकर कबाड़ बीनने के बहाने बन्द मकान, दुकान की शटर को दिन में रेकीकर चिन्हित करते थे। रात्रि में चिन्हित मकान-दुकान में सब्बल से शटर व ताला तोड़कर चोरी करते थे। बाल अपचारियों ने बताया कि वे इटरौर भीखमपुर के स्कूल की छत पर लगे तीन सोलर प्लेट चोरी कर इलाहाबाद रोड स्थित साजिद कबाड़ी उर्फ लंगड़ा को बेंचा था। पुलिस टीम ने तीनों बाल अपचारियों को कबाड़ की दुकान ने गये। वहां से मो साजिद पुत्र मो नसीम निवासी लक्ष्मणपुरी को चोरी की सोलर प्लेट समेत गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा रामआधार सिंह, दरोगा राधेश्याम सिंह, सिपाही बहोरन सिंह, शिवम राजपूत, उमेश शामिल हैं।

## पुलिस ने दबोचा एक वारंटी

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्र चन्द्र पाण्डेय की अगुवाई में दरोगा सिद्धनाथ राय की टीम ने एससी/एसटी एक्ट के वारंटी अनिल उर्फ झिंगा पुत्र राजा दर्जी निवासी अगरहुण्डा को गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा सिद्धनाथ राय, दीवान आशाराम शामिल रहे।



## भाजपा ने मध्य प्रदेश को बना दिया दलित अत्याचार की प्रयोगशाला : खडगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मध्य प्रदेश के सागर में दलित युवक की पीठ पीठ कर हत्या के मामले पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि भाजपा ने राज्य को दलित अत्याचार की प्रयोगशाला बना दिया है। श्री खड़गे ने ट्वीट किया 'मध्य प्रदेश के सागर ज़िले में एक दलित युवक की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। गुंडों ने उसकी माँ को भी नहीं बख़्शा। सागर में संत रविदास मंदिर बनवाने का ढोंग रचने वाले प्रधानमंत्री जी मध्य प्रदेश में लगातार होते दलित व आदिवासी उत्पीड़न एवं अन्याय पर चूँ तक नहीं करते। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री केवल कैमरे के सामने वंचितों के पैर धो कर अपना गुनाह छुपाने की कोशिश करते हैं।' उन्होंने आगे कहा 'भाजपा ने मध्य प्रदेश को दलित अत्याचार का प्रयोगशाला बना रखा है। भाजपा शासित मध्य प्रदेश में दलितों के ख़िलाफ़ अपराधों का रेट सबसे ज़्यादा है और राष्ट्रीय औसत से भी तीन गुना है। मोदी जी, इस बार मध्य प्रदेश की जनता भाजपा के झाँसे में नहीं आने वाली है, समाज के वंचित व शोषित वर्ग को तड़पाने-तरसाने का जवाब आपको कुछ महीने बाद मिल जाएगा। भाजपा की विदाई निश्चित है।'

## पूर्वी लीबिया में बाढ़ से भयंकर तबाही, 5300 से अधिक लोगों की मौत, 10 हजार लापता, 30 हजार विस्थापित

**डर्ना।** पूर्वी लीबिया के डर्ना शहर में बाढ़ से मरने वालों की संख्या 5,300 से अधिक हो गई है, जबकि 10 हजार से अधिक लोग लापता हैं। जानकारी के मुताबिक बाढ़ से भीषण तबाही के बीच 30 हजार से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, डर्ना का एक चौथाई हिस्सा बर्बाद हो चुका है। ज्ञात रहे कि भूमध्यसागर से उठे तूफान 'डेनियल' के कारण रविवार रात हुई बारिश से अचानक आई बाढ़ ने पूर्वी लीबिया के कई शहरों में भारी तबाही मचाई है। लेकिन डर्ना शहर में सबसे अधिक नुकसान हुआ है। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता मोहम्मद अबू-लामोशा के मुताबिक, डर्ना में मरने वालों की संख्या 5300 से अधिक हो गई है। पूर्वी लीबिया में एम्बुलेंस एवं आपात केंद्र के प्रवक्ता ओसामा अली ने कहा कि पूरे क्षेत्र में हजारों की संख्या में लोगों की मौत हुई है। अली ने बुधवार को बताया कि डर्ना में 7,000 से अधिक लोग घायल हुए और इनमें से ज्यादातर लोगों का एजेंसियों द्वारा स्थापित अस्पतालों में इलाज के साथ सहायता पहुंचाने की कोशिश जारी है। उन्होंने कहा कि तटीय डर्ना शहर में मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है क्योंकि बचाव एवं राहत दल को अब भी सड़कों, इमारतों और समुद्र से शव मिल रहे हैं।



## 'राष्ट्रपति बना तो बंद होगा FBI, 75 फीसदी संघीय कर्मचारी होंगे बाहर', विवेक रामास्वामी ने किया दावा

**डर्ना।** अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी से उम्मीदवारी का दावा ठोंक रहे भारतीय मूल के अमेरिकी विवेक रामास्वामी ने एक चौंकाने वाली बात कही है। उन्होंने कहा है कि अगर वह 2024 का चुनाव जीतते हैं तो संघीय कार्यबल के 75 प्रतिशत से अधिक लोगों को नौकरी से निकाल देंगे और एफबीआई जैसी कई प्रमुख एजेंसियों को बंद कर देंगे।अमेरिकी समाचार वेबसाइट एक्सियोस के साथ एक साक्षात्कार में, रामास्वामी ने कहा कि उनके निशाने पर शिक्षा विभाग, एफबीआई, शराब, तंबाकू, आग्नेयास्त्र और विस्फोटक ब्यूरो, परमाणु नियामक आयोग, (आंतरिक राजस्व सेवा) आईआरएस और वाणिज्य विभाग होंगे।



उन्होंने कहा, 'हम पहले दिन से शुरुआत करेंगे और हम पहले साल के अंत तक 50 प्रतिशत कटौती करना चाहते हैं। रामास्वामी (38) ने कहा, 'ध्यान रहे कि इनमें से 30 प्रतिशत कर्मचारी अगले पांच साल की अवधि में सेवानिवृत्ति के पात्र हैं।' उन्होंने कहा, 'इसमें कोई संदेह नहीं है लेकिन यह उतना पागलपन नहीं है जितना लगता है।'

# यूक्रेनी राष्ट्रपति के सलाहकार ने भारत-चीन के लोगों की बौद्धिक क्षमता बताई कमजोर, बढ़ा बवाल तो दी सफाई

**कीव/बीजिंग।** यूक्रेन के राष्ट्रपति के एक सलाहकार ने भारत और चीन के लोगों की बौद्धिक क्षमता को कमजोर करार दिया है। इस टिप्पणी पर बवाल के बाद यूक्रेन की ओर से इस मसले पर सफाई भी दी गई है।

भारत में हुए जी-20 शिखर सम्मेलन के घोषणापत्र में यूक्रेन का सीधा जिक्र न होने से नाराज यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के सलाहकार मायखाइलो पोडोल्याक ने यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया है कि भारत और चीन के पास 'कमजोर बौद्धिक क्षमता' है और वो अपने कामों के नतीजों का विश्लेषण नहीं करते हैं। यूक्रेन की मीडिया को दिये साक्षात्कार में पोडोल्याक ने कहा, 'भारत, चीन के साथ समस्या यह है कि वो अपने कदमों के परिणामों का विश्लेषण नहीं कर रहे हैं, दुर्भाग्य से इन देशों की बौद्धिक क्षमता कमजोर है।' उन्होंने इसी टिप्पणी में चंद्रयान-3 का भी जिक्र कर डाला। उन्होंने कहा, 'हां, वो विज्ञान में निवेश करते हैं। यह सच है कि भारत ने वर्तमान में एक चंद्र रोवर लॉन्च किया है और अब चंद्रमा की सतह पर ट्रैकिंग कर रहा है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि यह देश पूरी तरह से समझता है कि आधुनिक दुनिया क्या है।'' पोडोल्याक की इस टिप्पणी पर सवाल खड़े हो रहे हैं। माना जा रहा है कि ऐसी टिप्पणियां द्विपक्षीय संबंधों को नुकसान पहुंचा सकती हैं। अभी तक भारत की तरफ से इस पर कोई भी आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई है, किन्तु चीन ने इस बयान पर प्रतिक्रिया दी है। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि यूक्रेन के अधिकारी को अपनी टिप्पणी के लिए जवाब देना होगा। बवाल बढ़ने के बाद पोडोल्याक की ओर से सफाई दी गयी है। पोडोल्याक ने स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि तुर्की, भारत, चीन और अन्य क्षेत्रीय शक्तियां आधुनिक दुनिया में वैश्विक भूमिकाओं का दावा करने में तेजी से और स्पष्ट रूप से सक्रिय हैं। इन देशों की ऐतिहासिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, वैज्ञानिक और राजनीतिक भूमिकाएं लंबे समय से रूस की तुलना में कहीं अधिक व्यापक रही हैं।



## बाइडन पर महाभियोग जांच को मंजूरी के बाद व्हाइट हाउस ने आरोपों को खारिज कर बताया साजिश

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन पर महाभियोग जांच को मंजूरी के बाद व्हाइट हाउस ने सारे आरोपों को खारिज कर दिया है। व्हाइट हाउस ने बाइडन के खिलाफ साजिश की बात कही है। अमेरिकी संसद के अध्यक्ष केविन मैक्कार्थी ने राष्ट्रपति बाइडन के खिलाफ महाभियोग जांच शुरू करने की मंजूरी दी थी। रिपब्लिकन का बाइडन पर आरोप है कि साल 2009 से 2017 तक अमेरिका के उप राष्ट्रपति रहते हुए उन्होंने अपने बेटे हंटर बाइडन को विदेशी व्यापार में फायदा पहुंचाया था। इस पर औपचारिक महाभियोग जांच शुरू करने का निर्देश देने के साथ मैक्कार्थी ने हाउस ओवरसाइट और जवाबदेही समिति के अध्यक्ष जेम्स कॉमर को जांच की निगरानी सौंपी है। मैक्कार्थी ने बताया कि रिपब्लिकन ने फोन कॉल और मनी ट्रांसफर सहित अन्य सबूत पेश किए हैं, जिससे बाइडन परिवार के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला बनता है। अमेरिकी राष्ट्रपति की ओर से इन सभी आरोपों को खारिज कर जांच को बेमतलब करार दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति के प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने जांच का विरोध करते हुए इसे बाइडन के राजनीतिक शत्रुओं द्वारा की जा रही जांच करार दिया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ राष्ट्रपति को फंसाने की साजिश है। विरोधियों ने पूरे साल राष्ट्रपति पर निगरानी करते हुए बिता दी, लेकिन उन्हें कोई सबूत नहीं मिला। बाइडन के खिलाफ सबूत इसलिए नहीं मिला क्योंकि उन्होंने कुछ गलत किया ही नहीं है। जीन-पियरे ने कहा कि रिपब्लिकन के पास महाभियोग जांच को मंजूरी देने के लिए सदन में वोट के लिए भी पर्याप्त समर्थन नहीं था। पियरे ने कहा कि यह महज एक राजनीतिक स्टंट है।



## अदालत ने डीएसीए को अवैध घोषित किया, भारतीयों समेत लाखों प्रवासी होंगे प्रभावित

**वाशिंगटन।** ओबामा काल के डेफर्ड एक्शन फॉर चाइल्डहुड अराइवल्स प्रोग्राम (डीएसीए) को बड़ा झटका बुधवार को अमेरिकी जिला अदालत के न्यायाधीश एंड्रयू हानेन के एक फैसले से लगा।

न्यायाधीश ने लिखा, '16 जुलाई, 2021 से पहले अपना प्रारंभिक डीएसीए दर्जा प्राप्त करने वाले सभी डीएसीए प्राप्तकर्ताओं के लिए कानून पर रोक लगाया जाता है। प्रशासन ऐसे व्यक्तियों के लिए डीएसीए के नवीकरण आवेदनों को संसाधित करना और देने से जुड़े कार्रक्रम जारी रख सकते हैं।'

न्यायाधीश हनेन ने इसके साथ ही लगभग 580,000 ड्रीमर्स के निर्वासन संरक्षण और कार्य परमिट को समाप्त करने का आदेश देने से परहेज किया। साउथ एशियन अमेरिकन्स लीडिंग टुगेदर (एसएएएलटी) की 2019 की एक रिपोर्ट के अनुसार, कम से कम 630,000 भारतीय ऐसे हैं जिनके पास दस्तावेज नहीं हैं, जिसमें 2010 के बाद से 72 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

वर्तमान में कम से कम 4,300 सक्रिय दक्षिण एशियाई डीएसीए लाभार्थी हैं। अगस्त 2018 तक, लगभग 2,550 सक्रिय भारतीय डीएसीए लाभार्थी थे। एसएएएलटी ने कहा कि कुल 20,000 डीएसीए-पात्र भारतीयों में से केवल 13 प्रतिशत ने डीएसीए के लिए आवेदन किया है और इसे प्राप्त किया है।

## नेपाल में सोना तस्करी मामले में आरोपित चीनी नागरिक भारत में गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल में हुए एक क्विंटल सोने की तस्करी मामले में मुख्य अभियुक्तों में से एक चीनी नागरिक को भारत में प्रवेश करने के दौरान गिरफ्तार किया गया है। नेपाल में सोने की तस्करी मामले में शिकंजा कसते जाने के बाद भारत भागने की कोशिश कर रहे चीनी नागरिक को भारतीय सीमा में प्रवेश के समय गिरफ्तार किया गया।

सोने की तस्करी मामले की जांच कर रहे केन्द्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) के मुताबिक हांगकांग में रहकर नेपाल में सोने की खेप भेजने वाले मुख्य आरोपितों में एक चीनी नागरिक पेंग योंगसीन को पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी से गिरफ्तार किया गया। सीआईबी ने भारतीय सुरक्षा एजेंसियों को सोने की तस्करी में शामिल फरार लोगों की सूची भेजी थी। इसी आधार पर सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने चीनी नागरिक को भारत में प्रवेश करते समय गिरफ्तार किया।




एसएसबी ने सीआईबी को जानकारी साझा करते हुए बताया कि चीनी नागरिक को अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के कारण जासूसी के आरोप में पकड़ा गया है। नेपाली नागरिक बन कर सीमा पार करते समय एसएसबी ने पेंग योंगसीन को गिरफ्तार कर उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से चीन का पासपोर्ट बरामद किया।

सीआईबी प्रमुख किरण बज्राचार्य ने कहा कि भारतीय एसएसबी से समन्वय कर पकडे गए चीनी नागरिक से पूछताछ करने के लिए जल्द ही एक टीम भेजी जाएगी। सीआईबी ने सोना तस्करी मामले में अदालत में जो चार्जशीट दाखिल की है उसमें पेंग योंगसीन को मुख्य अभियुक्तों में एक बताया है।

## पुतिन और किम जोंग की मुलाकात पर अमेरिका की चेतावनी, हथियार सौदा हुआ तो नये प्रतिबंध लगाने से पीछे नहीं हटेंगे

**वाशिंगटन।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उत्तर कोरिया नेता किम जोंग उन की ताजा मुलाकात पर अमेरिका ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उसका कहना है कि दोनों देशों के बीच अगर हथियार का सौदा होता है तो अमेरिका नए प्रतिबंध लागू करने से पीछे नहीं हटेगा। अमेरिका का कहना है कि रूस-उत्तर कोरिया जिस तरह हथियार डील पर बातचीत कर रहे हैं, वह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद प्रस्ताव का उल्लंघन होगा। उधर, रूस के दौरे पर पहुंचे उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने रूस के राष्ट्रपति पुतिन को उत्तर कोरिया आमंत्रित किया जिसे पुतिन ने स्वीकार कर लिया है। अमेरिका ने रूस के राष्ट्रपति पुतिन और उत्तर कोरिया नेता किम जोंग उन के बीच हुई बैठक को लेकर चिंता जताई है। अमेरिका को आशंका है कि यूक्रेन युद्ध के बीच उत्तर कोरिया, रूस को हथियारों की मदद कर सकता है। ऐसी स्थिति में अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि रूस और उत्तर कोरिया हथियारों की कोई डील करते हैं तो नये प्रतिबंध लगाने से पीछे नहीं हटेंगे। हालांकि दोनों देशों ने ऐसे इरादों से साफ इनकार किया है। करीब तीन साल बाद पहली बार उत्तर कोरिया से बाहर निकले किम जोंग उन मंगलवार को अपनी विशेष रेल में सवार होकर रूस पहुंचे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस दौरान दोनों नेताओं के बीच करीब 4 घंटे की बैठक चली। इस दौरान किम जोंग उन ने रूस को बिना शर्त पूर्ण समर्थन देते हुए कहा कि रूस अपने संप्रभु अधिकारों और हितों की रक्षा की लड़ाई लड़ रहा है। उन्होंने इस लड़ाई में रूस की जीत का भरोसा जताया है।



## भारतीय मूल के छात्र की हत्या के मामले में नया मोड़, कोरियाई रूममेट पर चलेगा केस

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राज्य इंडियाना में भारतीय मूल के एक 20 वर्षीय छात्र की उसके छात्रावास में पिछले साल हत्या कर दी गई थी। उसके कोरियाई साथी को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। हालांकि, उस समय टिप्पेकेनो काउंटी के न्यायाधीश ने मुकदमा चलाने के लिए उसकी मानसिक हालत ठीक नही पाई थी। इसलिए केस चलाने से मना कर दिया था। अब इस मामले में नया मोड़ आया है। अदालत ने उसके खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। गौरतलब है कि 20 साल के छात्र वरुण मनीष छेड़ा को पिछले साल अक्तूबर में कैंपस के पश्चिमी किनारे पर मैककचियन हॉल में मृत अवस्था में पाया गया था। मामले में जांच के बाद, कोरिया के एक जूनियर साइबर सुरक्षा प्रमुख और अंतरराष्ट्रीय छात्र जी मिन जिमी शा को हत्या के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। बाद में, अप्रैल में टिप्पेकेनो सर्किट कोर्ट के न्यायाधीश ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा चलाने से इनकार कर दिया था। टिप्पेकेनो सर्किट कोर्ट के न्यायाधीश शॉन एम पर्सिन ने इस साल अप्रैल में दिए आदेश में कहा था कि जिमी शा ने बताया कि उसकी मानसिक हालत ठीक नहीं है।

# चीन ने अफगानिस्तान में नियुक्त किया राजदूत, तालिबान शासन में ऐसा करने वाला बना पहला देश

**काबुल।** चीन ने अफगानिस्तान में तालिबान शासन लागू होने के बाद नया राजदूत नियुक्त कर दिया है। चीन ऐसा करने वाला विश्व का पहला देश बन गया है जिसने काबुल में तालिबान के दो वर्ष के शासनकाल में राजदूत नियुक्त कर अफगानिस्तान के साथ कूटनीतिक संबंधों का स्तर बढ़ाया है। चीन के इस कदम पर तालिबान ने खुशी जताते हुए अन्य देशों से [illegible] दी है। चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि राजदूत पद पर यह सामान्य नियुक्ति है। इससे अफगानिस्तान के साथ बातचीत और सहयोग में मदद मिलेगी।



चीन के झाओ जिंग ने प्रेसिडेंट पैलेस पहुंचकर तालिबान सरकार के कार्यकारी प्रधानमंत्री मोहम्मद हसन अखुंद को राजदूत पद पर अपनी नियुक्ति से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत किए। तालिबान सरकार की ओर से आयोजित समारोह में चीनी राजदूत के दस्तावेज स्वीकार किए।

इस मौके पर अफगानिस्तान के कार्यकारी विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी भी मौजूद थे। यह जानकारी तालिबान सरकार के उप प्रवक्ता बिलाल करीमी ने दी है।

अफगानिस्तान में चीन के पूर्व राजदूत वांग यू 2019 से काबुल में कार्य कर रहे थे और बीते अगस्त में ही उनका कार्यकाल पूरा हुआ था। पाकिस्तान और यूरोपीय यूनियन ने भी तालिबान के शासनकाल में काबुल स्थित अपने दूतावासों का नेतृत्व करने के लिए वरिष्ठ राजनयिक भेजे हैं लेकिन उन्हें राजदूत का पद न देकर चार्ज द अफेयर्स का ओहदा दिया है।

## भारतीय मूल के छात्र की हत्या के मामले में नया मोड़, कोरियाई रूममेट पर चलेगा केस

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राज्य इंडियाना में भारतीय मूल के एक 20 वर्षीय छात्र की उसके छात्रावास में पिछले साल हत्या कर दी गई थी। उसके कोरियाई साथी को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। हालांकि, उस समय टिप्पेकेनो काउंटी के न्यायाधीश ने मुकदमा चलाने के लिए उसकी मानसिक हालत ठीक नही पाई थी। इसलिए केस चलाने से मना कर दिया था। अब इस मामले में नया मोड़ आया है। अदालत ने उसके खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है।

गौरतलब है कि 20 साल के छात्र वरुण मनीष छेड़ा को पिछले साल अक्तूबर में कैंपस के पश्चिमी किनारे पर मैककचियन हॉल में मृत अवस्था में पाया गया था। मामले में जांच के बाद, कोरिया के एक जूनियर साइबर सुरक्षा प्रमुख और अंतरराष्ट्रीय छात्र जी मिन जिमी शा को हत्या के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। बाद में, अप्रैल में टिप्पेकेनो सर्किट कोर्ट के न्यायाधीश ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा चलाने से इनकार कर दिया था। टिप्पेकेनो सर्किट कोर्ट के न्यायाधीश शॉन एम पर्सिन ने इस साल अप्रैल में दिए आदेश में कहा था कि जिमी शा ने बताया कि उसकी मानसिक हालत ठीक नहीं है। इसलिए अदालत केस चलाने की मंजूरी नहीं देती है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

# प्रधानमंत्री मोदी 17 सितंबर को पीएम विश्वकर्मा योजना करेंगे लॉन्च

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 सितंबर को विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर पीएम विश्वकर्मा योजना लॉन्च करेंगे। केंद्र सरकार ने पीएम विश्वकर्मा योजना को शुरू करने की घोषणा केंद्रीय बजट 2023-24 में की थी। इस योजना के लिए वित्त वर्ष 2023-24 से वित्त वर्ष 2027-28 तक वित्तीय परिव्यय 13,000 करोड़ रुपये रखा गया है। वित्त मंत्रालय कार्यालय ने गुरुवार को एक्स पोस्ट पर दी जानकारी में बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 सितंबर को पीएम विश्वकर्मा योजना का शुभारंभ करेंगे। इस योजना का उद्देश्य अपने हाथों और औजारों से काम करने वाले कारीगरों और शिल्पकारों द्वारा पारंपरिक कौशल के अभ्यास को बढ़ावा देना और मजबूत करना है। गुणवत्ता के साथ-साथ हमारे विश्वकर्माओं के उत्पादों और सेवाओं की पहुंच में सुधार करना भी है। मंत्रालय के मुताबिक योजना के तहत लाभार्थियों को 15,000 रुपये का टूलकिट प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही लाभार्थियों को पांच सौ रुपये प्रति दिन के स्टाइपेंड के साथ आधारभूत कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसका मकसद विश्वकर्माओं के उत्थान, उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ने और लाभ प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाने का एक प्रयास है। सरकार इस महत्वाकांक्षी योजना में 1. बढ़ई (सुथार), 2. नाव निर्माता, 3. अस्त्रकार; 4. ब्लैकस्मिथ (लोहार), 5. हथौड़ा और टूलकिट निर्माता, 6. ताला बनाने वाला, 7. गोल्डस्मिथ (सुनार), 8. पॉटर (कुम्हार), 9. स्कल्पटर (मूर्तिकार, पत्थर तराशने वाला), पत्थर तोड़ने वाला, 10. मोची (चर्मकार)/जूता बनाने वाला/फुटवियर कारीगर, 11. मेसन (राजमिस्त्री), 12. टोकरी/चटाई/झाड़ू बनाने वाला/कॅयर बुनकर, 13. गुड़िया और खिलौना निमार्ता (पारंपरिक), 14. बार्बर (नाई), 15. गारलैंड मेकर (मालाकार), 16. वाशरमैन (धोबी), 17. टेलर (दर्जी) और 18. फिशिंग नेट निमार्ता को शामिल करेगी।

